www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
पत्र नहीं; मित्र
संपर्क : deshbandhubpl1@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष – 37 । अंक – 161 । भोपाल, शनिवार, 13 जून 2026 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

जिला अस्पताल में गर्भवती महिला के पति और गार्ड के बीच विवाद के बाद हंगामा — पृष्ठ 2
▸ मरूभूमि में आत्मनिर्भरता की राह
▸ घरेलू सोने का उपयोग कर विदेशी मुद्रा बचाने की पेशकश — पृष्ठ 4
▸ गर्मी में बेतवा के घाट पर तैराकी का आनंद ले रहे बच्चे — पृष्ठ 6
छोटे किसानों को सशक्त बनाने पर फोकस — पृष्ठ 8

मीनाक्षी का नामांकन रद्द होने के खिलाफ विधायकों का दिल्ली में प्रदर्शन

# राष्ट्रपति भवन जा रहे कांग्रेस विधायकों को पुलिस ने हिरासत में लिया

- वोट चोरी के बाद अब सीट चोरी का आरोप
- चुनाव आयोग निष्पक्ष काम नहीं कर रहा है

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** मीनाक्षी नटराजन का राज्यसभा नामांकन रद्द होने के मामले सर्वोच्च न्यायालय से भी राहत नहीं मिलने के बाद कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कहा है कि देश चुनावी तानाशाही की तरफ बढ़ रहा है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि सरकार आरएसएस के एजेंटों को बड़े पदों पर बिठा कर मनमानी करवा रही है। मीनाक्षी का नामांकन रद्द होना गैरकानूनी और लोकतंत्र के खिलाफ है। प्रधानमंत्री कांग्रेस और लोकतंत्र को खत्म करने के लिए ऐसी साजिशें करवा रहे हैं। नामांकन रद्द होने के मामले में दो उदाहरण सामने हैं– पहला झारखंड में भाजपा व कॉर्पोरेट समर्थित उम्मीदवार परिमल नाथवानी को पूरा समय दे कर फार्म की गलतियां ठीक कराई गईं, जबकि कांग्रेस के उम्मीदवार का नामांकन रद्द कर दिया गया। इससे साफ है कि चुनाव आयोग निष्पक्ष काम नहीं कर रहा है।

### 61 विधायकों ने जंतर मंतर पर किया सत्याग्रह

इसके पहले शुक्रवार को सुबह साढ़े नौ बजे से मध्य प्रदेश से आए कांग्रेस के 61 विधायकों ने जंतर मंतर पर सत्याग्रह आंदोलन शुरू किया, लेकिन जब वे राष्ट्रपति भवन कूच करने लगे तो पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया और बस में बिठा कर नजदीकी थाने ले गई। इस दौरान विधायकों ने मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विधायकों के साथ मौजूद मीनाक्षी ने कहा कि चुनाव आयोग की सरकार के साथ सांठगांठ है। यह इस बात से भी पता चलता है कि अदालत में इस मामले की सुनवाई के दौरान मध्य प्रदेश सरकार के वकील खड़े हुए, जबकि इस विषय का संबंध राज्य सरकार से नहीं, बल्कि चुनाव आयोग से है। उनका कहना था कि उन्होंने अपने नामांकन पत्र में कोई गलती नहीं की। निजी शिकायत की जानकारी देने के लिए फार्म 26 में कोई कॉलम ही नहीं था। मीनाक्षी ने कहा कि उनके खिलाफ न तो कोई आपराधिक मामला लंबित है और न ही ऐसे किसी मामले में उन्हें दोषी करार दिया गया है। उधर विधानसभा में विपक्ष के नेता उमंग सिंघार ने अपनी प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि भाजपा पहले वोट चोरी करती थी, लेकिन अब सीधे सीट चोरी करने लगी है। यह घटना चुनावी निरंकुशता की शुरुआत है। उन्होंने यह भी बताया कि जब निर्वाचन अधिकारी से इस गलत फैसले के बारे में पूछा गया तो उसने स्वीकार किया कि सरकार का दबाव था। वहीं प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आरोप लगाया कि निर्वाचन अधिकारी आरएसएस की पृष्ठभूमि से आते हैं और उनकी भूमिका पहले से ही संदिग्ध रही है। संख्या बल के हिसाब कांग्रेस को 58 विधायकों की जरूरत थी। साथ ही उसे निर्दलीय सदस्यों का भी समर्थन हासिल है। इस एकजुटता से भयभीत होकर भाजपा ने मीनाक्षी का नामांकन रद्द करवाया है। मध्य प्रदेश के कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी ने चुनाव आयोग पर एक पक्षीय होने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने चुनाव आयुक्तों की चयन प्रक्रिया से भारत के मुख्य न्यायाधीश को हटा कर एक कैबिनेट मंत्री को शामिल कर लिया है। अब सरकार जिसे चाह रही है, उसे नियुक्त कर रही है।

गौरतलब है कि प्रदर्शन में कांग्रेस विधायक कमलनाथ शामिल नहीं थे। वहीं प्रतिमा बागरी ने भाजपा का दामन थाम लिया है। जबकि राजेंद्र भारती का चुनाव अदालत ने रद्द कर दिया है। यही वजह थी कि कांग्रेस के 64 में से 61 विधायक ही प्रदर्शन में शामिल थे।



### कांग्रेस की अब जनता के बीच जाने की तैयारी

प्रेस कांफ्रेंस के बाद जब यह नेता अपने विधायकों के साथ राष्ट्रपति भवन कूच करने लगे तो पुलिस ने धारा 163 का हवाला देते हुए उन्हें हिरासत में ले लिया। फिर इन विधायकों को बसों में बिठाकर नजदीकी थाने ले जाया गया। इसी दौरान कुछ कार्यकर्ता चुनाव आयोग के सामने पहुंच कर नारेबाजी करने लगे, जिन्हें पुलिस ने वहां से हटाया। ध्यान रहे कि दो दिन पहले कांग्रेस ने मीनाक्षी के नामांकन रद्द होने के मामले पर चुनाव आयोग में ज्ञापन दिया था। साथ ही आग्रह किया था कि वह अपनी शक्ति का इस्तेमाल कर निर्वाचन अधिकारी का फैसला बदले, लेकिन उस पर कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया, जहां उसकी याचिका को ही खारिज हो गई। अब कांग्रेस इस मुद्दे को जनता के बीच ले जाने की तैयारी कर रही है।



सरकार आरएसएस के एजेंटों को बड़े पदों पर बिठा कर मनमानी करवा रही है। मीनाक्षी का नामांकन रद्द होना गैरकानूनी और लोकतंत्र के खिलाफ है : **मल्लिकार्जुन खरगे,** कांग्रेस अध्यक्ष

### सर्वोच्च न्यायालय ने की नटराजन की याचिका खारिज

***नई दिल्ली, एजेंसी।*** *सुप्रीम कोर्ट उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने मध्य प्रदेश से राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन रद्द होने को चुनौती दी थी। हालांकि, अदालत ने उन्हें यह छूट दी है कि वह जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत चुनाव याचिका दायर कर इस मामले को आगे बढ़ा सकती हैं। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति ए एस चांदूरकर की पीठ ने इस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। पीठ ने व्यवस्था दी कि संविधान के अनुच्छेद 329 के तहत इस चरण में न्यायिक हस्तक्षेप वर्जित है। यह टिप्पणी करते हुए कि इस चुनौती को वैधानिक चुनाव याचिका तंत्र के माध्यम से उठाया जा सकता है, पीठ ने रिट याचिका को विचारणीय न मानते हुए खारिज कर दिया। सुश्री नटराजन का नामांकन नौ जून को इस आधार पर खारिज कर दिया गया था कि उन्होंने अपने हलफनामे में इस बात का खुलासा नहीं किया था कि तेलंगाना की एक अदालत में उनके खिलाफ एक निजी शिकायत दर्ज की गई थी।*

**चुनाव याचिका दायर करने की दी छूट**

# कोलकाता में 4 हजार ईवीएम जलकर खाक



- विधानसभा चुनावों में हुआ था इस्तेमाल
- अग्निशमन मंत्री ने साजिश की आशंका जताई

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में तृणमूल की टूट से मचे सियासी घमासान के बीच कोलकाता में चौंका देने वाली घटना सामने आई है। कोलकाता के अलीपुरद्वार इलाके में एक बिल्डिंग में आग लगने से 4000 ईवीएम जल गई हैं। आग लगने के बाद लगभग 24 घंटे तक फायर सर्विस के कर्मचारी आग बुझाने में लगे रहे। शुभेंदु अधिकारी सरकार में मंत्री कौशिक चौधरी ने हादसे पर शक जताया है। उन्होंने बताया कि एक सरकारी इमारत में लगी आग में करीब 4,000 ईवीएम जलकर खाक हो गईं। घटना के संबंध में एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बुधवार को दक्षिण कोलकाता के अलीपुर इलाके में नौ मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई थी। इस इमारत में अन्य विभागों के अलावा दक्षिण 24 परगना जिला परिषद का कार्यालय भी था।

इन ईवीएम का इस्तेमाल राज्य में इस साल हुए विधानसभा चुनावों के दौरान 10 निर्वाचन क्षेत्रों में किया गया था। घटनास्थल का दौरा करने के बाद चौधरी ने कहा कि यह सामान्य आग नहीं लगती। हम जांच कर रहे हैं कि क्या कोई तोड़–फोड़ की गई थी। अभी यह साफ नहीं है कि आग नौवीं और दसवीं मंजिल तक कैसे पहुंची। उन्होंने कहा कि आग सबसे पहले इमारत की दूसरी और तीसरी मंजिल पर देखी गई थी।

### कांग्रेस व आप ने उठाए सवाल

कांग्रेस ने कहा– सरकार और चुनाव आयोग को बताना चाहिए कि आग कैसे लगी और ऊपरी मंजिलों तक कैसे पहुंची। आम आदमी पार्टी(आप) का भी कहना है कि एक सरकारी बिल्डिंग में इतनी बड़ी आग कैसे लगी और हजारों ईवीएम इसकी चपेट में कैसे आ गईं।

## सार-समाचार

### अमरनाथ यात्रा से पहले नुनवान बेस कैंप में माक ड्रिल

**जम्मू, एजेंसी।** आने वाली अमरनाथ यात्रा के लिए व्यापक सुरक्षा और तैयारी के उपायों के तहत, अनंतनाग पुलिस ने सेना व अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ मिलकर पहलगाम के नुनवान बेस कैंप में एक माक ड्रिल आयोजित की। यह माक ड्रिल संभावित खतरों से निपटने की तैयारियों को जांचने के इरादों से की गई। इस अभ्यास का मकसद यात्रा के दौरान संभावित आपातकालीन स्थितियों से निपटने में विभिन्न सुरक्षा और आपातकालीन प्रतिक्रिया एजेंसियों की तैयारी, तालमेल और प्रतिक्रिया क्षमताओं का परीक्षण करना था।

### नए दूरसंचार नियमों का मसौदा जारी, लोगों से मांगे सुझाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने टेलीविजन, रेडियो और संबंधित प्रसारण सेवाओं से जुड़े दूरसंचार नियमों के मसौदे को सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी कर लोगों से सुझाव मांगे हैं। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि सरकार द्वारा तैयार किए गए दूरसंचार (टेलीविजन, रेडियो और संबद्ध सेवाएं) नियम, 2026 का उद्देश्य प्रसारण क्षेत्र से जुड़े विभिन्न दिशानिर्देशों को एकीकृत और सरल बनाना है। संसद ने 2023 में दूरसंचार अधिनियम पारित किया था, जिसने 1885 के पुराने भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम का स्थान लिया।

### 14 करोड़ की विदेशी सिगरेट जब्त, 4 गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में तस्करी विरोधी समन्वित अभियान में 14 करोड़ रुपए मूल्य की 71 लाख विदेशी सिगरेट जब्त कर इस मामले में चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। वित्त मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार विदेशी मूल की सिगरेटों की तस्करी के खिलाफ मई में शुरू किए गए एक बड़े और समन्वित अभियान के तहत डीआरआई ने पूर्वोत्तर क्षेत्र से तस्करी कर लाई गई कुल लगभग 71,00,000 विदेशी सिगरेट जब्त की है। जब्त माल की अनुमानित कीमत लगभग 14 करोड़ रुपए है। इन मामलों में चार व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया गया है।

# एक दिन में अधिकतम 2 सौ लीटर डीजल खरीदने की सीमा तय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डीजल की खुदरा बिक्री में कई जिलों में भारी वृद्धि के बाद सरकार ने औद्योगिक तथा संस्थागत उपभोक्ताओं के लिए आम पेट्रोल पंपों से इसकी खरीद पर रोक लगा दी है। इसके अलावा, कालाबाजारी रोकने के लिए खुदरा ग्राहकों के लिए भी एक दिन में खरीद की अधिकतम सीमा 200 लीटर तय कर दी गयी है, और यह शर्त भी रखी गयी है कि वे इसकी पुन: बिक्री नहीं कर सकेंगे। आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने गुरुवार देर रात नया नियंत्रण आदेश जारी किया। इसे फिलहाल 90 दिन के लिए लागू किया गया है। इसमें कहा गया है कि किसी भी वाहन या व्यक्ति को एक दिन में पेट्रोल पंप पर 200 लीटर से अधिक डीजल नहीं मिलेगा। नये नियम से लंबी तथा मध्यम दूरी के माल परिवहन वाले ट्रकों पर असर पड़ने की संभावना है। खुदरा बिक्री केंद्रों (पेट्रोल पंप डीलरों) को आदेश दिया गया है कि वे डीजल की बिक्री केवल वाहनों के टैंक अथवा पेसो (पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन) से अनुमोदित कंटेनर में ही करेंगे।

आदेश में फिलहाल पेट्रोल की खुदरा बिक्री की कोई सीमा तय नहीं की गयी है, लेकिन भविष्य में ऐसा करने की गुंजाइश रखी गयी है। साथ ही, डीजल के साथ इसकी भी जमाखोरी रोकने के लिए कार्रवाई का प्रावधान है। तत्काल प्रभाव से लागू इस आदेश में कहा गया है कि संस्थागत और प्रत्यक्ष अथवा औद्योगिक तथा व्यावसायिक ग्राहक खुदरा बिक्री केंद्र से पेट्रोल या डीजल नहीं खरीदेंगे या नहीं मंगवायेंगे। वे अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति केवल अपने उपभोक्ता पंप से ही करेंगे।

राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया गया है कि वे आज के आदेश और अन्य लागू कानूनों के तहत पेट्रोल और डीजल से संबंधित जमाखोरी, कालाबाजारी, अनधिकृत रूप से उनकी खरीद, जिस उद्देश्य के लिए खरीदा गया है उससे अलग इस्तेमाल और अन्य अनाचारों के विरुद्ध कार्रवाई सहित सभी आवश्यक उपाय करेंगे।

**औद्योगिक, व्यावसायिक ग्राहकों को पेट्रोल पंप से तेल खरीद पर रोक**

### उच्चतर माध्यमिक द्वितीय परीक्षा में बेटियों का दबदबा बरकरार

**भोपाल, देशबन्धु।** माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित उच्चतर माध्यमिक द्वितीय परीक्षा वर्ष–2026 का परीक्षा परिणाम शुक्रवार को सायं चार बजे घोषित कर दिया गया। घोषित नतीजों में एक बार फिर बेटियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए छात्रों से बेहतर प्रदर्शन किया है।

मंडल द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार नियमित विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम उत्साहजनक रहा। नियमित छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 62.31 रहा, जबकि छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 57.36 दर्ज किया गया। इस प्रकार छात्राओं ने सफलता की दौड़ में स्पष्ट बढ़त हासिल की है। परीक्षार्थी अपना परिणाम मंडल के आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं।

उच्चतर माध्यमिक द्वितीय परीक्षा में प्रदेशभर से 1 लाख 42 हजार 468 नियमित विद्यार्थियों ने आवेदन किया था। इनमें से 1 लाख 42 हजार 467 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। घोषित परिणाम में 84 हजार 871 विद्यार्थी सफल घोषित किए गए हैं।

**( विस्तृत समाचार पृष्ठ 3 पर )**

# एनटीए ने नीट परीक्षा की अवधि 15 मिनट बढ़ाई

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
National Testing Agency
Excellence in Assessment

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (यूजी) – 2026 परीक्षा को अधिक छात्र–अनुकूल बनाने के लिए परीक्षा समय को 15 मिनट बढ़ाने का फैसला किया है। एनटीए ने शुक्रवार को सार्वजनिक सूचना जारी कर कहा कि 21 जून को आयोजित होने वाली परीक्षा में परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए परीक्षा की कुल अवधि बढ़ाकर 195 मिनट कर दी गई है। अब परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम सवा पांच बजे तक आयोजित होगी। इस अतिरिक्त समय में उपस्थिति पत्रक पर हस्ताक्षर और अन्य अनिवार्य औपचारिकताओं का समय भी शामिल रहेगा, जिससे छात्रों को वास्तविक परीक्षा समय में किसी प्रकार की कमी महसूस नहीं होगी।

इसके अलावा, प्रश्न पुस्तिका में रफ वर्क के लिए उपलब्ध स्थान को भी बढ़ाया गया है। पहले जहां केवल दो रफ वर्क पेज दिए जाते थे, वहीं अब छात्रों को चार रफ वर्क पेज उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे गणनाएं, आरेख और अन्य कार्य करने में अधिक सुविधा मिलेगी।

**परीक्षा की कुल अवधि बढ़ाकर 195 मिनट की गई**

### प्रश्न पुस्तिका के डिजाइन में भी किया बदलाव

एनटीए ने प्रश्न पुस्तिका के डिजाइन में भी बदलाव किया है। पहले रफ वर्क के सभी पृष्ठ पुस्तिका के अंत में दिए जाते थे लेकिन कई अभ्यर्थियों, विशेषकर बाएं हाथ से लिखने वाले छात्रों ने इसे असुविधाजनक बताया था। इस समस्या के समाधान के लिए अब दो रफ वर्क पेज निर्देश पृष्ठ के तुरंत बाद प्रारंभ में और दो पेज पुस्तिका के अंत में दिए जाएंगे। यह व्यवस्था अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषा दोनों संस्करणों में लागू होगी। एजेंसी का कहना है कि परीक्षा प्रणाली में किए गए ये छोटे–छोटे सुधार अभ्यर्थियों के परीक्षा अनुभव को बेहतर बनाने में मदद करेंगे। इन बदलावों का उद्देश्य परीक्षा प्रक्रिया को अधिक सहज, सुविधाजनक और छात्र–केंद्रित बनाना है, जबकि निष्पक्षता और सुरक्षा के उच्च मानकों को भी बनाए रखा जाएगा।

### पूर्व निशानेबाज जसपाल राणा का निधन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व दिग्गज निशानेबाज और भारतीय पिस्टल निशानेबाजों के हाई–परफॉर्मेंस कोच जसपाल राणा का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके निधन को खेल जगत के लिए बड़ी क्षति बताते हुए दुख व्यक्त किया है। भारतीय राष्ट्रीय रायफल संघ (एनआरएआई) ने जसपाल राणा के निधन की पुष्टि की है। वह 49 वर्ष के थे। उन्हें वर्ष 2020 में खेल जगत के सर्वोच्च कोचिंग सम्मान 'द्रोणाचार्य पुरस्कार' से सम्मानित किया गया था। जर्मनी के म्यूनिख में आयोजित आईएसएसएफ विश्वकप से भारतीय दल की वापसी के दौरान फ्लाइट में जसपाल राणा की तबीयत बिगड़ गई थी, वह असहज महसूस कर रहे थे। दिल्ली पहुंचने के बाद उन्हें साकेत स्थित मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया।

**मनु भाकर ने उनकी देखरेख में जीते पदक :** सफल और गौरवशाली निशानेबाजी करियर के बाद राणा ने जूनियर राष्ट्रीय टीम कोच और हाई–परफॉर्मेंस ट्रेनर के रूप में भारतीय निशानेबाजी टीम को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। कोच के रूप में उनके योगदान में मनु भाकर को प्रशिक्षण देना शामिल है। उनकी देखरेख में मनु भाकर ने 2024 पेरिस ओलंपिक में दो जीते थे। वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्ल्ड शूटिंग चैंपियनशिप और एशियन गेम्स के गोल्ड मेडलिस्ट, अंतरराष्ट्रीय शूटर जसपाल राणा के निधन पर दुख व्यक्त किया।

गृह विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने दिखाई सख्ती, कहा–

# बेहतर कानून व्यवस्था के लिए वरिष्ठ अधिकारी भी रहें मुस्तैद

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में गृह विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए पुलिस प्रशासन को राज्य में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के कड़े निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि बदलते दौर में पुलिस बल को नई चुनौतियों से निपटने के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर आरक्षक स्तर तक के कर्मियों को सजग और सक्रिय भूमिका निभाने को कहा है।

बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन वर्चुअली शामिल हुए, जबकि अपर मुख्य सचिव गृह संजय कुमार शुक्ल और पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**महिलाओं की सुरक्षा और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि शिक्षा केंद्रों के निकट छेड़छाड़ की घटनाएं कतई बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। उन्होंने पुलिस को निर्देश दिए कि महिलाओं और कमजोर वर्गों की सुरक्षा के प्रति अत्यंत गंभीर रहें। इसके साथ ही, उन्होंने गौवंश रक्षा पर पूरा ध्यान देने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन लेने की बात कही। भू–माफिया और संगठित अपराधियों को चेतावनी देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराधियों की संपत्ति कुर्क करने में पुलिस पीछे न रहे और अपने मुखबिर तंत्र को और अधिक सशक्त बनाए।



**प्रदेश में लागू होगा अन्वेषण भत्ता :** राज्य में अपराधों की विवेचना को प्रभावी बनाने के लिए मध्य प्रदेश सरकार अन्वेषण भत्ता लागू करने पर गंभीरता से विचार कर रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस संबंध में अन्य राज्यों की व्यवस्थाओं का अध्ययन किया गया है। अपराध स्थल पर त्वरित पहुंच, साक्ष्य संकलन, डिजिटल साक्ष्य संग्रह, वीडियोग्राफी, अभियुक्तों व गवाहों के परिवहन, भोजन और न्यायिक प्रक्रिया से जुड़े आकस्मिक खर्चों को देखते हुए विवेचना अधिकारियों को यह भत्ता देने की योजना है।

**तकनीकी नवाचार और सिंहस्थ 2028 की तैयारियां :** बढ़ते सायबर अपराधों और सोशल मीडिया व कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दुरुपयोग को रोकने के लिए गृह विभाग प्राथमिकता से आईटी विशेषज्ञों की सेवाएं लेगा। राज्य में सेफगार्ड एमपी प्रणाली के माध्यम से बुजुर्गों और महिलाओं की सुरक्षा के लिए एआई का प्रयोग किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने पुलिस जांच में ई–चालान और ई–साक्ष्य जैसी आधुनिक प्रणालियों का अधिकतम उपयोग करने के निर्देश दिए।

आगामी सिंहस्थ–2028 को ध्यान में रखते हुए बैठक में भीड़ प्रबंधन, यातायात, वीआईपी सुरक्षा और आपदा प्रबंधन के लिए आवश्यक पुलिस बल की व्यवस्था पर चर्चा हुई। डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि उज्जैन में कंट्रोल रूम और अन्य अधोसंरचनाओं का विकास तात्कालिक न होकर स्थायी महत्व का होना चाहिए। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री ने पुलिसकर्मियों के लिए कम लागत पर आवास उपलब्ध कराने और युवाओं को नशे से बचाने के लिए निरंतर नशा विरोधी अभियान चलाने के निर्देश दिए।

## सार-समाचार

### जब्त खाद की जांच के लिए जिला मजिस्ट्रेट ने गठित किया दल



**शिवपुरी, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार कोलारस में मां कैलादेवी वेयर हाउस परिसर के सामने ट्रक से रघुवीरा सरदार ऑर्गेनिक सब्स्टीट्यूट ऑफ डीएपी उर्वरक की 366 बोरियां पकड़े जाने के मामले में विशेष जांच दल गठित कर गहन जांच के आदेश दिए गए हैं। मामले में एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। अनुविभागीय दण्डाधिकारी कोलारस अनूप श्रीवास्तव की अध्यक्षता में गठित जांच दल में उप संचालक कृषि पी.एस. करोरिया, कृषि विज्ञान केन्द्र शिवपुरी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एम.के. भार्गव, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कोलारस एस.एस. जाटव, थाना प्रभारी कोलारस गब्बर सिंह, एसओ थाना तेंदुआ सुश्री नीतू सिंह धाकड़, उप निरीक्षक बवलेश कुमार एवं आरक्षक राहुल परिहार को शामिल किया गया है। कलेक्टर वर्मा के निर्देश पर गठित यह दल जब्त उर्वरक की गुणवत्ता, उसके परिवहन से जुड़े दस्तावेजों, परिवहन के उद्देश्य तथा मां कैलादेवी वेयर हाउस से उसके संभावित संबंधों की जांच करेगा। जांच दल को सात दिवस के भीतर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

### डांस प्रतियोगिता का हुआ ग्रैंड फिनाले, बॉलीवुड अभिनेता लालवानी रहे मौजूद



**शिवपुरी,देशबन्धु।** होटल नक्षत्र रिसोर्ट एवं गार्डन में गुरुवार को डांस कॉम्पटीशन के ग्रैंड फिनाले का आयोजन किया गया। नीतू फैंसी ज्वेलर्स की संचालक आरती जैन नीतू द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में कला और उत्साह का अनोखा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में बॉलीवुड अभिनेता कपिल सिंह लालवानी ने शिरकत की, जबकि सुपर जज के रूप में मिस तेलंगाना 2025 आयुषी ढेंगुला एवं प्रसिद्ध मॉडल व डांसर राहुल व्यास उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महिपाल अरोरा एवं गेस्ट ऑफ ऑनर दीपेश अग्रवाल रहे।प्रतियोगिता में सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

महिला गार्ड ने की कोतवाली पुलिस से शिकायत

# जिला अस्पताल में गर्भवती महिला के पति और गार्ड के बीच विवाद के बाद हंगामा



**शिवपुरी, देशबन्धु।** जिला चिकित्सालय एक बार फिर अखाड़े में तब्दील हो गया, जहां शुक्रवार को एक ऐसी घटना ने अस्पताल की सुरक्षा और संवेदनशीलता दोनों को कटघरे में खड़ा कर दिया है। अमूमन ऐसी घटनाओं में एक ही पक्ष की कहानी सामने आती है, लेकिन इस मामले में दो ऐसी तस्वीरें उभरकर सामने आई हैं जो एक-दूसरे के बिल्कुल उलट हैं। एक तरफ जहां अपनी गर्भवती पत्नी के इलाज के लिए बेबस पति सिस्टम पर प्रताड़ना का आरोप लगा रहा है, वहीं दूसरी तरफ ड्यूटी पर तैनात महिला सुरक्षाकर्मी ने उसी पति पर छेड़छाड़, मारपीट और दबंगई का गंभीर आरोप मढ़ दिया। इस पूरे ड्रामे की शुरुआत पिछोर तहसील के ग्राम क्यारा से होती है, जहां के रहने वाले जिनेंद्र कुमार जाटव ने अपनी 5 महीने की गर्भवती पत्नी पिंकी जाटव को पेट में गंभीर दर्द होने के बाद यहां भर्ती कराया था। उसका आरोप है कि पिछोर से रेफर होकर आने के बाद भी उसकी पत्नी को आराम नहीं मिला और वह दर्द से तड़पती रही। जिनेंद्र का कहना है कि जब उसने डॉक्टरों से सोनोग्राफी लिखने या किसी बड़े अस्पताल में रेफर करने की मिन्नतें कीं, तो न डॉक्टर मिले और न ही नर्सों ने उसकी बात सुनी। व्यवस्था से तंग आकर जब उसने इस लापरवाही का वीडियो बनाना चाहा, तो वहां तैनात महिला गार्ड ने न सिर्फ उसका मोबाइल छीनकर वीडियो डिलीट कर दिया, बल्कि उसे और उसकी बूढ़ी मां रामवती को घसीटते हुए मुख्य गेट से बाहर सड़क पर फेंक दिया।

रोती हुई मां का कहना था कि उनका बेटा अनपढ़ है, अगर कोई गलती थी तो माफ़ किया जा सकता था। इस पूरी कहानी का दूसरा पहलू इससे बिल्कुल जुदा और चौंकाने वाला है, जो अस्पताल की सुरक्षाकर्मी की तरफ से सामने आया है। महिला गार्ड के मुताबिक, मामला संवेदनशीलता का नहीं बल्कि नियमों की धज्जियां उड़ाने और शासकीय कार्य में बाधा डालने का है। सुरक्षाकर्मी का कहना है कि शुक्रवार को जब पिंकी जाटव महिला वार्ड में भर्ती थी, तब नियमों के अनुसार उसके पास पहले से दो महिलाएं मौजूद थीं और उस वक्त विजिटिंग आवर्स भी नहीं थे। जब पूरी मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी निभाते हुए जिनेंद्र और उसके परिजनों को वार्ड के अंदर घुसने से रोका, तो मरीज का पति अपना आपा खो बैठा। महिला सुरक्षाकर्मी का आरोप है कि रोकने पर जिनेंद्र न सिर्फ गाली-गलौज करने लगा, बल्कि उसने मर्यादा की सारी हदें पार करते हुए उसका हाथ मरोड़ दिया और बुरी नीयत से उस पर हमला कर दिया। जब महिला गार्ड ने उसे पकड़कर थाने ले जाने की कोशिश की, तो अस्पताल परिसर में मौजूद उसके अन्य परिजनों ने हंगामा खड़ा कर दिया और आरोपी को छुड़ाने के लिए धक्का-मुक्की शुरू कर दी। इस पूरे हंगामे के बाद पीड़ित महिला गार्ड शहरबानो ने दोपहर 12 बजे सीधे कोतवाली पुलिस को आवेदन देकर शासकीय कार्य में बाधा डालने, मारपीट और अभद्रता करने वाले आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही अस्पताल प्रबंधन से सीसीटीवी फुटेज खंगालकर निष्पक्ष जांच की गुहार लगाई है। इधर, अस्पताल के बाहर जुटी भारी भीड़ के बीच पीड़ित परिवार का कहना है कि वे किसी पर कार्रवाई नहीं चाहते, बस उनकी पत्नी और अजन्मे बच्चे का सही इलाज हो जाए या उन्हें रेफर कर दिया जाए। अब गेंद कोतवाली पुलिस के पाले में है, जो सीसीटीवी फुटेज के जरिए इस बात की सच्चाई तलाश रही है कि अस्पताल के इस गलियारे में असल में कौन पीड़ित था और कौन गुनहगार।

सोने की बाली ले गए चोर, पीतल की रख गए!

# सराफा बाजार में आभूषण की दुकान से शातिर तरीके से चोरी



**शिवपुरी, देशबन्धु।** शहर के व्यस्ततम सराफा बाजार में स्थित कनक ज्वेलरी पर चोरी की एक हैरान कर देने वाली वारदात सामने आई है। बदमाशों ने बड़ी सफाई से सोने की बाली चोरी कर उसकी जगह पीतल की बाली रख दी। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। मामला नगर के सराफा बाजार स्थित कनक ज्वेलरी का है, जहां कुछ लोग ग्राहक बनकर दुकान पर पहुंचे। दुकान में आभूषण देखने के दौरान आरोपियों ने चालाकी से सोने की बाली को बदलकर उसकी जगह पीतल की बाली रख दी और असली सोने की बाली लेकर मौके से फरार हो गए। घटना का खुलासा तब हुआ जब दुकान संचालक ने सामान की जांच की। जांच के दौरान पता चला कि सोने की बाली गायब है और उसकी जगह पीतल की बाली रखी हुई है। इसके बाद दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें संदिग्धों की गतिविधियां कैद होती दिखाई दीं। दुकान संचालक का कहना है कि आरोपियों ने बेहद शातिराना तरीके से वारदात को अंजाम दिया है। सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंप दी गई है और जल्द ही आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की उम्मीद जताई जा रही है। सराफा बाजार जैसे संवेदनशील व्यापारिक क्षेत्र में हुई इस घटना के बाद व्यापारियों में भी चिंता का माहौल है। व्यापारी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने और ऐसे गिरोहों पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी हुई है।

जिला सूक्ष्म एवं लघु उद्योग संवर्धन समिति की हुई बैठक

# उद्योगों की संभावनाओं और कठिनाइयों पर की चर्चा



**शिवपुरी, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने आज जिले के उद्यमियों के साथ बैठक की। बैठक में जिले में सूक्ष्म एवं लघु उद्योग के संवर्धन एवं उद्योगों के संचालन में आ रही कठिनाइयां एवं सुझावों पर चर्चा की गई। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कहा है कि शासन और प्रशासन की यही मंशा है कि सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को बढ़ावा मिले। उद्योग विकसित होंगे तभी जिले की भी अर्थव्यवस्था विकसित होगी। जिले में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन द्वारा पूरा सहयोग किया जाएगा।

उन्होंने एक-एक कर सभी उद्यमियों से चर्चा की और उनके द्वारा किए जा रहे उद्योग के विषय में जानकारी ली और कठिनाइयों को भी जाना। उन्होंने आवश्यक कार्यवाही के लिए उद्योग विभाग के जिला प्रबंधक अरविंद महेश्वरी को भी निर्देशित किया। आज कलेक्टर अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड, निर्यात प्रोत्साहन समिति और जिला स्तरीय निवेश संवर्धन एवं समन्वय समिति की संयुक्त बैठक रखी गई। बैठक में उद्योगों के विकास, निवेश प्रोत्साहन और निर्यात की संभावनाओ पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में बड़ौदी फूड पार्क में एक ही फर्म को प्लॉट एलॉटमेंट के मामले में कलेक्टर अर्पित वर्मा ने तत्काल बैठक में उपस्थित एमपीआईडीसी और उद्योग विभाग के जिला प्रबंधक को प्लॉट एलॉटमेंट लिस्ट उपलब्ध कराने और जांच के निर्देश दिए।

जनकल्याणकारी शिविरों में हितग्राहियों को दी जा रही जानकारी

# विधायक ने वितरित किए योजनाओं के स्वीकृति पत्र



**शिवपुरी, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 5 से 21 जून तक जनकल्याणकारी शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को खनियाधाना जनपद पंचायत प्रांगण में जनकल्याणकारी शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रीतम सिंह लोधी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर एसडीएम ममता शाक्य, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मोगराज मीणा, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष हितग्राही उपस्थित रहे।

विधायक ने जनकल्याणकारी योजनाओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य कर योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। शिविर में नागरिकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा प्राप्त आवेदनों एवं समस्याओं के निराकरण की कार्रवाई की गई। जनपद पंचायत सभागार में 12 जून को छात्र-छात्राओं की चित्रकला प्रतियोगिता हुई तथा 13 जून को स्व-सहायता समूह की महिलाओं के लिए कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित किए जाने की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विधायक द्वारा विभिन्न विभागों की योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभ एवं स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इस क्रम में ग्राम पंचायत देखा कि राजकुमारी जाटव हितग्राही एक बगिया मां के नाम, ग्राम पंचायत मुड़िया की संगीता यादव, लखपति दीदी कफार, अनीता लोधी एवं लाडली लक्ष्मी योजना 6 हितग्राही, पेंशन योजना के 18 हितग्राही, ट्राई साइकिल तीन हितग्राही एवं छड़ी एक हितग्राही को विधायक द्वारा वितरित की गई।

फिरोजाबाद रेलवे स्टेशन के पास हुई घटना

# आरएसएस प्रमुख की ट्रेन पर हुआ पथराव, कोच का शीशा टूटा



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में गुरुवार शाम लखनऊ-दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस पर पथराव की घटना सामने आई है. जिस समय यह घटना हुई, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत भी ट्रेन में सवार थे, राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी यात्री को चोट नहीं आई और मोहन भागवत पूरी तरह सुरक्षित हैं। पुलिस के अनुसार, यह घटना गुरुवार शाम करीब 7:45 बजे फिरोजाबाद रेलवे स्टेशन के पास एतावा-टूंडला रेलखंड पर स्थित पेमेश्वर गेट पुल के नजदीक हुई।

बताया जा रहा है कि किसी ने 12003 अप लखनऊ-दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस के एक कोच पर पत्थर फेंक दिया। पत्थर लगने से कोच के शीशे को नुकसान पहुंचा, जिसके बाद रेलवे अधिकारियों में हड़कंप मच गया. सूत्रों के मुताबिक, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत कानपुर से ट्रेन के ई-1 कोच में सवार हुए थे और दिल्ली की ओर यात्रा कर रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे प्रशासन और स्थानीय पुलिस तत्काल सक्रिय हो गई। सूचना मिलने के बाद फिरोजाबाद के पुलिस अधीक्षक आदित्य लांघे, आगरा रेल पुलिस अधीक्षक अनिल झा और नगर पुलिस अधीक्षक रवि शंकर प्रसाद समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी।

रेलवे और पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है. सुरक्षा एजेंसियां भी घटना को गंभीरता से लेते हुए यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि यह महज शरारत का मामला था या इसके पीछे कोई अन्य वजह थी। अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और जांच जारी है।

भारतीय नाविकों की मौत पर मोदी की चुप्पी पर राहुल ने जताई हैरानी

# प्रधानमंत्री मोदी भारत माता के बेटों को रक्षा नहीं कर सकते



**नई दिल्ली, एजेंसियां।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में तीन दिनों के भीतर तीन जहाजों पर हुए अमेरिकी हमलों में तीन भारतीय नाविकों की मौत पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि इस मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुप्पी हैरान करने वाली है और उन्हें अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए।

श्री गांधी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, 'अन्तरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में तीन दिन में तीन जहाज़ों पर अमेरिकी हमलों में तीन भारतीयों की मृत्यु हो गई और हमारे 'कम्प्रोमाइज्ड पीएम' एक शब्द तक नहीं बोले। जब कोई विदेशी ताकत किसी भारतीय की हत्या करे, तो प्रधानमंत्री को बोलना पड़ता है, लेकिन मजाल है कि ये एक शब्द बोल जाएं।'

उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन में श्री मोदी विश्व नेताओं से मुलाकात करेंगे, लेकिन जिन हमलों में तीन भारतीय नाविकों की मौत हुई, उनके प्रति सरकार की चुप्पी चिंताजनक है। उनका कहना था, 'अगले हफ्ते जी-7 में हमारे नाविकों की हत्या के बस चंद दिनों बाद मोदी जी मुस्कुराएंगे, गले मिलेंगे और समझौते करेंगे, मगर उन तीन भारतीयों के लिए उनके पास एक शब्द भी नहीं होगा।' श्री गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री उन देशों को नाराज करने का साहस नहीं दिखा रहे हैं, जिनकी कार्रवाई में भारतीय नागरिकों की जान गई है। उन्होंने कहा, 'कम्प्रोमाइज्ड पीएम भारत माता के बेटों की रक्षा नहीं कर सकते, क्योंकि जिन्होंने उन बेटों की जान ली उन्हें नाराज़ करने की इनमें न हिम्मत है और न ताकत।' उन्होंने कहा कि जब किसी विदेशी शक्ति की कार्रवाई में भारतीय नागरिकों की जान जाती है तो प्रधानमंत्री को इस पर बोलना चाहिए, लेकिन इस मामले में उनकी ओर से एक शब्द भी नहीं कहा गया है।

### ईरान ने जहाजों पर अमरिकी हमलों को 'समुद्री डकैती' बताया

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने अमेरिका पर भारतीय वाणिज्यिक जहाजों पर हमले को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने इन घटनाओं में भारतीय नाविकों की मौत पर दुख जताते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय कानून और समुद्री सुरक्षा के खिलाफ बताया है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने कहा, अमेरिका की ओर से भारतीय वाणिज्यिक जहाजों पर किए गए क्रूर हमले, जिनमें तीन भारतीय नागरिकों की मौत हो गई, इस बात का साफ सबूत हैं कि अमेरिका की मौजूदा नीति सशस्त्र डकैती और राज्य-स्तरीय समुद्री लूट जैसी है। हम मारे गए भारतीय नाविकों के परिवारों और दोस्तों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं और भारतीय लोगों तथा सरकार के प्रति गहरी शोक-सहानुभूति प्रकट करते हैं।'

टीएमसी प्रमुख की बढ़ी मुश्किलें

# ममता के खिलाफ कोलकाता में एफआईआर

- चुनाव प्रचार के दौरान भड़काऊ भाषण देने का है आरोप
- भतीजे अभिषेक के घर सीआईडी पहुंची



**कोलकाता, एजेंसियां।** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ कोलकाता के हेयर स्ट्रीट थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। ममता पर आरोप है कि उन्होंने 9 मार्च को चुनाव प्रचार के दौरान भड़काऊ भाषण दिया था। यह शिकायत तुषार कांती दास ने की है। उनका कहना है कि ममता के बयान से सांप्रदायिक सौहार्द और राज्य की लोकतांत्रिक व्यवस्था को नुकसान पहुंच सकता था। इधर, फर्जी हस्ताक्षर मामले में शुक्रवार को सीआईडी की टीम पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी के घर पहुंची। इस दौरान अभिषेक के वकील भी वहां पहुंचे। एडवोकेट देबाशीष राय ने कहा कि सीआईडी ने हमें कोई सूचना नहीं दी है। फिलहाल हमें नहीं पता कि सीआईडी टीम यहां क्यों आई है।

### अभिषेक बनर्जी को 14 जून को फिर बुलाया

पश्चिम बंगाल सीआईडी ने पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी को 14 जून को फिर पूछताछ के लिए तलब किया है। जांच एजेंसी का कहना है कि गुरुवार को कोलकाता मुख्यालय में करीब साढ़े पांच घंटे चली पूछताछ के दौरान कई सवालों के स्पष्ट जवाब नहीं मिले। कुछ जरूरी दस्तावेज भी अब तक जमा नहीं किए गए हैं। अभिषेक गुरुवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के निर्देश पर सीआईडी के सामने पेश हुए थे। इससे पहले वह तीन समन पर पेश नहीं हुए थे। अधिकारियों के मुताबिक, पूछताछ के दौरान उन्होंने कई सवालों पर मुझे नहीं पता जवाब दिया।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, वे कभी परमाणु हथियार नहीं बनाएंगे

# ईरान के साथ जंग खत्म हुई : ट्रंप

### अमेरिका ईरान पर अपना समुद्री दबाव बनाए रखेगा

**वॉशिंगटन, एजेंसियां।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को दावा किया कि अमेरिका ने ईरान के साथ युद्ध खत्म कर दिया है। एक वर्चुअल रैली में ट्रंप ने अपने समर्थकों से यह बात कही। उन्होंने यह भी दावा किया कि ईरान कभी परमाणु हथियार नहीं बनाएगा। इससे पहले ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा था कि सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने नई डील को मंजूरी कर लिया है।

उन्होंने यह भी कहा कि ईरान के साथ शांति समझौते पर इसी सप्ताह यूरोप में साइन हो सकता है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भी इसमें शामिल होंगे। ट्रंप ने कहा कि बातचीत और अंतिम बिंदुओं को सिद्धांत और विस्तार दोनों स्तरों पर सभी पक्षों ने मंजूरी दे दी है। इनमें अमेरिका, इजरायल, सऊदी अरब, यूएई, कतर, तुर्की, पाकिस्तान, बहरीन, कुवैत, जॉर्डन, मिस्र और अन्य देश शामिल हैं।

हालांकि, उन्होंने प्रस्तावित समझौते या बातचीत के मुद्दों के बारे में कोई विशेष जानकारी नहीं दी। राष्ट्रपति ने यह भी संकेत दिया कि बातचीत जारी रहने के दौरान अमेरिका ईरान पर अपना समुद्री दबाव बनाए रखेगा। ट्रंप ने कहा कि जब तक यह समझौता पूरी तरह अंतिम रूप नहीं ले लेता, तब तक नौसैनिक नाकेबंदी पूरी तरह लागू रहेगी। समझौते पर हस्ताक्षर कब और कहां होंगे, इसकी घोषणा जल्द की जाएगी। राष्ट्रपति का कहना था कि हाल के सैन्य दबाव की वजह से ईरान इस समझौते के लिए तैयार हुआ है। उन्होंने कहा कि उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ा है।

### अभी हमने कोई फैसला नहीं लिया: ईरान

तेहरान। ईरान ने इस बात पर जोर दिया है कि अमेरिका के साथ मौजूदा संघर्ष खत्म करने वाले समझौते पर अभी तक कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ है। ईरान का यह बयान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे के बावजूद आया है, जिसमें उन्होंने एक बार फिर कहा था कि जल्द ही इस समझौते पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। लेकिन ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने समझौते की खबरों को 'अटकलबाजी' करार देते हुए कहा कि अभी 'कुछ भी अंतिम रूप से तय नहीं हुआ है'। श्री ट्रंप पहले भी ईरान के साथ समझौता करीब होने का दावा कर चुके हैं, जबकि असल में तब ऐसा कुछ भी धरातल पर नहीं उतरा था।

# नेपाल में खाई में गिरी बस, आठ की मौत 16 घायल



**काठमांडू, एजेंसियां।** नेपाल के सेंट्रल कवरेपालनचोक जिले के बुच्चाकोट इलाके में बीपी हाईवे के पास सड़क दुर्घटना में आठ लोगों की मौत हो गई। बीपी हाईवे के पास एक पैसेंजर बस सड़क किनारे खाई में गिर गई। जिला प्रशासन ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सूचना मिलने पर राहत और बचाव अभियान चलाया गया। कवरेपालनचोक के जिला प्रमुख गोपाल कुमार अधिकारी ने बताया कि बस में सवार कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 16 घायल यात्रियों का जिले के धुलीखेल हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। अधिकारी ने कहा, 'घायलों में से पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है।' घटना के बाद, पुलिसवालों ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर घायलों को बचाया और हॉस्पिटल पहुंचाया। बस कावरेपालनचोक के बनेपा से सुंगुरे जा रही थी।

विदेश मंत्री जयशंकर ने रूस से तेल खरीदने के भारत के फैसले का मजबूती से किया बचाव

# एस जयशंकर ने यूरोप के हथियारों पर उठाए सवाल



**हेलसिंकी, एजेंसियां।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को रूस से तेल खरीदने के भारत के फैसले का मजबूती से बचाव किया। उन्होंने कहा कि भारत ने यह फैसला कीमत और उपलब्धता को ध्यान में रखकर लिया था। साथ ही, उन्होंने यूरोपीय देशों की हथियारों की बिक्री पर भी सवाल उठाए।

फिनलैंड की राजधानी हेलसिंकी में आयोजित 'कुलतारना वार्ता' में अपनी फिनलैंड की समकक्ष एलिना वाल्टोनन और यूएई की सहायक विदेश मंत्री लाना नुसेबेह के साथ 'उभरती ताकतें और नया जियोपॉलिटिकल मुकाबला' पर पैनल चर्चा के दौरान बोलते हुए, जयशंकर ने रूस-यूक्रेन संघर्ष पर भारत के रुख की आलोचना को खारिज कर दिया। जब उनसे पूछा गया कि यूरोप को लगता है कि यूक्रेन-रूस युद्ध के मामले में भारत का रुख रूस के प्रति ज्यादा सहानुभूतिपूर्ण है और भारत रूस से तेल खरीदने को लेकर बहुत तैयार रहता है, तो जयशंकर ने कहा कि मैं दो बातें कहना चाहूंगा। पहली, मैं तेल उसकी कीमत और उपलब्धता के आधार पर खरीदता हूं। उस समय बाजार में सबसे ज्यादा उपलब्ध तेल रूस का था, क्योंकि यूरोपीय देश मध्य पूर्व से तेल खरीद रहे थे, जो पहले हमारा पारंपरिक सप्लायर था। ऐसे हालात में हमें एक अलग दिशा में जाना पड़ा। जयशंकर ने कहा कि कई यूरोपीय देशों की ओर से बेचे गए हथियार बाद में भारत के खिलाफ इस्तेमाल किए गए हैं, जबकि भारत का कोई भी हथियार कभी किसी यूरोपीय देश के खिलाफ इस्तेमाल नहीं हुआ। उन्होंने कहा, 'जब आपने नैतिक अस्पष्टता की बात की, तो मैं इतना कहूंगा कि किसी भी यूरोपीय देश पर भारतीय हथियारों से हमला नहीं हुआ है। काश मैं यही बात यूरोपीय हथियारों के बारे में भी कह पाता, जो भारत के खिलाफ इस्तेमाल हुए हैं। इसलिए इस बात को भी ध्यान में रखिए। जब उनसे इस बारे में और विस्तार से बताने को कहा गया, तो उन्होंने भारत की सुरक्षा चिंताओं को दोहराया। उन्होंने कहा, 'यूरोपीय देश ऐसे हथियार बेचते हैं जिनका इस्तेमाल कई वर्षों से भारत पर हमले करने के लिए किया जाता रहा है।

### माध्यमिक शिक्षा मंडल ने घोषित किया परिणाम

# उच्चतर माध्यमिक द्वितीय परीक्षा में बेटियों का दबदबा बरकरार

भोपाल, देशबन्धु। माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित उच्चतर माध्यमिक द्वितीय परीक्षा वर्ष-2026 का परीक्षा परिणाम शुक्रवार को सायं चार बजे घोषित कर दिया गया। घोषित नतीजों में एक बार फिर बेटियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए छात्रों से बेहतर प्रदर्शन किया है।

मंडल द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार नियमित विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम उत्साहजनक रहा। नियमित छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 62.31 रहा, जबकि छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 57.36 दर्ज किया गया। इस प्रकार छात्राओं ने सफलता की दौड़ में स्पष्ट बढ़त हासिल की है। परीक्षार्थी अपना परिणाम मंडल के आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। उच्चतर माध्यमिक द्वितीय परीक्षा में प्रदेशभर से 1 लाख 42 हजार 468 नियमित विद्यार्थियों ने आवेदन किया था। इनमें से 1 लाख 42 हजार 467 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। घोषित परिणाम में 84 हजार 871 विद्यार्थी सफल घोषित किए गए हैं।

स्वाध्यायी विद्यार्थियों के नतीजों में भी छात्राओं ने छात्रों को पीछे छोड़ दिया। परीक्षा के लिए 33 हजार 334 स्वाध्यायी विद्यार्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 33 हजार 315 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इनमें 14 हजार 24 विद्यार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए। स्वाध्यायी विद्यार्थियों का कुल परीक्षा परिणाम 42.10 प्रतिशत रहा। स्वाध्यायी छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 44.70 रहा, जबकि छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 40.53 दर्ज किया गया। इससे स्पष्ट है कि नियमित और स्वाध्यायी दोनों वर्गों में बेटियों ने अपनी मेहनत, लगन और काबिलियत के बल पर शानदार कामयाबी हासिल की है।

### मोबाइल में मिली पाकिस्तान से भेजी गई जानकारी, 16 तक रिमांड पर लिया

# देश विरोधी गतिविधियों में शामिल एजेंट गिरफ्तार



**भोपाल,देशबन्धु।** आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने राजधानी भोपाल के हनुमानगंज थाना क्षेत्र से देश विरोधी गतिविधियों से जुड़ने के संदेह में एक युवक को गिरफ्तार किया है। एटीएस ने उसके मोबाइल से पाकिस्तान से भेजे गए कथित जिहादी दस्तावेज की पीडीएफ बरामद होने का दावा किया है।

सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार युवक की पहचान मोहम्मद फराज के रूप में हुई है। एटीएस ने उसे शुक्रवार को सुबह काजी कैंप इलाके में नन्हें बी की मस्जिद के पास से पकड़ा है। बताया गया है कि आरोपी एक चिकित्सक के दवाखाने पर काम करता था। प्रारंभिक जांच में एजेंसी को कुछ ऐसी जानकारियां मिलीं हैं, जिनके आधार पर आरोपी की गतिविधियों की जांच की जा रही है। फिलहाल आरोपी के खिलाफ संदिग्ध गतिविधियों के मामले में यूएपीए और राष्ट्रद्रोह से जुड़ी धाराओं में प्रकरण दर्ज कर 16 जून तक रिमांड पर लिया गया है। इस दौरान जांच एजेंसी उससे उसकी गतिविधियों, संपर्कों और नेटवर्क को लेकर पूछताछ करेंगी। जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि वह कब से ऐसी गतिविधियों में शामिल था और उसके साथ स्थानीय स्तर पर कौन-कौन लोग जुड़े हैं। एटीएस ने मामले में अभी जांच जारी होने की बात कही है। हालाँकि अधिकारियों के मुताबिक फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है। एजेंसी यह पता लगाने में जुटी है कि उसके संपर्क किन लोगों से थे, क्या कोई नेटवर्क सक्रिय है और कथित गतिविधियों के पीछे किसी अन्य व्यक्ति की भूमिका है या नहीं। जांच पूरी होने के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

सूत्रों के मुताबिक आरोपी कथित तौर पर विशेष प्रशिक्षण लेने के लिए अफगानिस्तान जाने की तैयारी कर रहा था। इसके चलते एटीएस अब उसके विदेशी संपर्कों और ऑनलाइन गतिविधियों की पड़ताल कर रही है। जांच के दौरान उत्तर प्रदेश के देवबंद मदरसे से जुड़े कुछ संपर्कों की जानकारी भी सामने आने की बात कही जा रही है, जिनकी भूमिका की जांच की जा रही है।

## गोपनीय तरीके से हुई कार्रवाई

सूत्रों के मुताबिक आरोपी की गिरफ्तारी और पूरी कार्रवाई को बेहद गोपनीय रखा गया था। कार्रवाई की जानकारी भोपाल पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर स्थानीय थाना पुलिस तक को नहीं दी गई थी।

# मंगेतर ने किशोरी से किया दुष्कर्म

**भोपाल,देशबन्धु।** निशातपुरा थाना क्षेत्र में एक किशोरी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। वारदात को पीड़िता के मंगेतर ने ही अंजाम दिया है। उसने घर में अकेला पाकर पीड़िता से जबरन संबंध बनाए और फिर शादी तोड़ दी। रिश्ता टूटने पर पीड़िता ने परिजनों को वारदात के बारे में बताया, जिसके बाद निशातपुरा थाने में शिकायत की गई। पुलिस ने आरोपी मंगेतर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 17 वर्षीय किशोरी निशातपुरा थाना क्षेत्र में रहती है। उसके पिता निजी नौकरी करते हैं। परिजनों ने पुलिस को बताया कि पिछले दिनों बैरसिया रोड में रहने वाले एक युवक से किशोरी का रिश्ता तय किया था। किशोरी के बालिग होने पर दोनों की शादी होने की बात तय हुई थी। आरोप है कि बीते एक जून को किशोरी घर में अकेली मौजूद थी। इसी दौरान मंगेतर घर में घुसा और दुष्कर्म की वारदात की। बाद में मंगेतर और उसके परिवार ने रिश्ता भी तोड़ दिया। इसके बाद पीड़िता ने घटना की जानकारी परिजनों को दी तो उन्होंने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराइ। मामले की विवेचना कर रहे उपनिरीक्षक शिवमोहन सेंगर ने बताया कि शिकायत पर पाक्सो की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### ठग ने नकली दफ्तर खोलकर लगाया लाखों का चूना

# बेटी की पढ़ाई के चक्कर में ठगे गए पिता

**भोपाल,देशबन्धु।** हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित अंकुर काम्प्लेक्स में राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) के नाम पर फर्जी कार्यालय संचालित कर एक शातिर ठग लोगों को 12वीं की परीक्षा, डिग्री और पीएचडी करवाने का झांसा देकर ठगी कर रहा था। सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी और एक निजी कंपनी के महाप्रबंधक से कुल सवा लाख रुपये की ठगी सामने आने के बाद हबीबगंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आरोपी दफ्तर में ताला डालकर फरार है।

पुलिस के अनुसार बावड़ियाकलां स्थित नीरज नगर निवासी श्रीनारायण शर्मा पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक हैं। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि अप्रैल माह के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर लगे बैनर और पोस्टरों में एनआईओएस से संबंधित जानकारी देखकर उन्होंने दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया। इसके बाद वे अंकुर काम्प्लेक्स स्थित कार्यालय पहुंचे, जहां उनकी मुलाकात स्वयं को संस्थान का प्रतिनिधि बताने वाले प्रेम कुमार पवार से हुई। श्रीनारायण शर्मा अपनी बेटी की पीएचडी करवाना चाहते थे। लिहाजा प्रेम कुमारने उन्हें प्रक्रिया पूरी कराने और जल्द परीक्षा आयोजित कराने का भरोसा दिलाया। उसकी बातों में आकर श्रीनारायण ने 30 हजार रुपये अग्रिम जमा कर दिए। इसके बाद प्रेम कुमारने जल्द ही परीक्षा की तिथि तय होने का आश्वासन दिया, लेकिन निर्धारित समय बीतने के बाद भी कोई प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ी।

इसी तरह चूनाभट्टी निवासी अमित खरे, जो एक निजी कंपनी में महाप्रबंधक हैं, उन्होंने भी अपनी बेटी की 12वीं की परीक्षा एनआईओएस से कराने के लिए प्रेम कुमार पवार से संपर्क किया था। प्रेम कुमार ने उनसे विभिन्न शुल्क और प्रक्रिया के नाम पर 90 हजार रुपये अग्रिम ले लिए। मई माह तक परीक्षा संबंधी कोई कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने प्रेम कुमार से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उसका मोबाइल बंद मिला और कार्यालय भी बंद मिला। इसके बाद दोनों पीड़ितों ने हबीबगंज थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। मामले की जांच कर रहे एएसआई सुधाकर शर्मा ने बताया कि आरोपी ने करीब चार महीने पहले कार्यालय किराए पर लिया था और इसी दौरान उसने कई लोगों से संपर्क किया है। शंका है कि उसने अन्य लोगों को भी जाल में फंसाया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है तथा उसके बैंक खातों और दस्तावेजों की भी जांच कर रही है।

# विद्यालय के सामने से हटाए अवैध कब्जे



**बैरसिया, देशबन्धु।** सान्दीपनि ठाकुर लालसिंह बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सामने लंबे समय से किए गए अतिक्रमण के खिलाफ शुक्रवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गुमटियों और अन्य अस्थायी कब्जों को हटवा दिया। कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति रही, जबकि स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन की पहल का स्वागत किया।

जानकारी के अनुसार प्रशासन द्वारा अतिक्रमणकारियों को पूर्व में नोटिस जारी कर निर्धारित अवधि के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद कब्जे नहीं हटाए जाने पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए संयुक्त अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) आशुतोष शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र सक्सेना, तहसीलदार दिलीप चौरसिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। प्रशासनिक अमले ने व्यवस्थित ढंग से गुमटियों और अन्य अस्थायी अतिक्रमणों को हटाकर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक मार्गों, शासकीय भूमि तथा विद्यालय परिसर के आसपास किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा स्वीकार नहीं किया जाएगा। अतिक्रमणकारियों को भविष्य में दोबारा कब्जा नहीं करने की सख्त चेतावनी भी दी गई। स्थानीय नागरिकों के अनुसार विद्यालय के सामने अतिक्रमण के कारण यातायात प्रभावित होता था तथा विद्यार्थियों और अभिभावकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता था। प्रशासन की कार्रवाई के बाद क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुगम होने की उम्मीद है। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि नगर क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों और शासकीय भूमि पर किए गए अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### बैरागढ़ मार्ग पर हादसा, 70 फीट तक ऊपर उठी लपटें

# पटाखा दुकान में लगी आग, कर्मचारी ने कूदकर बचाई जान

**भोपाल,देशबन्धु।** राजधानी भोपाल का बैरागढ़ मार्ग शुक्रवार तड़के पटाखों के धमाकों से दहल उठा। यहां एक पटाखा दुकान में भीषण आग लग गई। पटाखों की वजह से बार-बार धमाके होते रहे और आग की लपटें करीब 70 फीट ऊपर तक उठ गईं।

जानकारी के अनुसार, बैरागढ़ मार्ग पर हलालपुर स्थित सुंदर वन गार्डन के ठीक सामने सोनी पटाखा दुकान में तड़के करीब साढ़े 3 बजे आग लग गई। इसकी सूचना मिलने पर फतेहगढ़, बैरागढ़, गांधीनगर समेत कई फायर स्टेशनों से दमकलें मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने कि कोशिश शुरू की। अग्नि शमन कर्मियों ने करीब तीन घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। लेकिन इस बीच इलाके में पटाखों के धमाकों गूंजते रहे। फायर फाइटर शाहनाबाज अहमद ने बताया कि करीब तीन घंटे में आग काबू आ सकी। आग लगने की वजह फ़िलहाल स्पष्ट नहीं हो पाई है। लेकिन दुकान मालिक ने घटना में लाखों रूपए का नुकसान होने की बात कही है।

गौरतलब है कि पटाखा दुकान हलालपुरा में मुख्य सड़क किनारे ही है। दिन में यहां खासा यातायात रहता है। वहीं, आसपास गाड़ियां भी खड़ी रहती है। गनीमत रही कि आग रात में लगी, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। बताया गया है कि आग बुझाने पहुंचे एक दमकलकर्मी ने कूदकर अपनी जान बचाई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि समय रहते कर्मचारी नहीं कूदता तो वह आग की चपेट में आ सकता था।



# टैक्सी चालकों ने ओला-उबर की नीतियों के खिलाफ किया प्रदर्शन

**भोपाल,देशबन्धु।** राजधानी भोपाल में ऐप आधारित टैक्सी सेवाओं के खिलाफ शुक्रवार को अनोखा प्रदर्शन देखने को मिला। भोपाल टैक्सी चालक संघ के बैनर तले बड़ी संख्या में टैक्सी चालक बोर्ड ऑफिस चौराहे पर इकट्ठा हुए और फटे कपड़े पहनकर कटोरा लेकर प्रतीकात्मक भीख मांगते नजर आए।

प्रदर्शन के दौरान टैक्सी चालकों ने ओला, उबर और रेपिडो कंपनियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आरोप लगाया कि कंपनियों की नीतियों ने उन्हें इस हालात में पहुंचा दिया है। प्रदर्शन के दौरान एक टैक्सी चालक ने भावुक होकर कहा, कंपनियों ने हमारी हालत ऐसी कर दी है कि कपड़े तक नहीं खरीद पा रहे। वहीँ एक चालक ने कहा, वे लंबे समय से अपनी मांगें उठा रहे हैं, लेकिन निर्णय कुछ नहीं निकलता, बस आश्वासन देकर निकल जाते हैं। संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष श्रवण कुमार शर्मा ने बताया कि वर्तमान में चालकों को औसतन 9 रूपए प्रति किलोमीटर तक ही किराया मिल रहा है, जबकि डीजल, पेट्रोल और सीएनजी के बढ़े दामों के कारण गाड़ी का खर्च 11 रूपए प्रति किलोमीटर तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे में दो में से एक ही काम हो पा रहा है, या तो घर चला लें या गाड़ी की किस्त भरें। दोनों एक साथ संभव नहीं है। इसी तरह महामंत्री राजेश कुमार नागले ने कहा कि आरटीओ की गाइडलाइन के अनुसार जो किराया तय किया गया है, उसका पालन कंपनियां नहीं कर रही हैं। उनका आरोप है कि कंपनियां एक प्रावधान का हवाला देकर निर्धारित किराए से भी कम भुगतान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि किराया बढ़ाना ही एकमात्र समाधान है, नहीं तो आंदोलन और उग्र होगा। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द मांगें नहीं मानी गईं तो भोपाल में टैक्सी और ऑटो सेवा पूरी तरह ठप कर दी जाएगी।

# राजस्थान की खाद्यान्न व्यवस्था का अध्ययन करेंगे डॉ. कृष्णपाल

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड के अध्यक्ष डॉ. कृष्णपाल सिंह यादव राजस्थान के जयपुर गए हैं। वे राजस्थान शासन द्वारा गेहूं उपार्जन तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न वितरण से संबंधित प्रक्रियाओं का अध्ययन करेंगे। निगम ने जानकारी देते हुए बताया कि डॉ. यादव जयपुर में राजस्थान राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड के प्रबंध संचालक तथा खाद्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। बैठक में राजस्थान में गेहूं और अन्य खाद्यान्नों के भंडारण, उठाव तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। प्रवास के दौरान डॉ. यादव राजस्थान में संचालित उपार्जन एवं खाद्यान्न वितरण व्यवस्था का भी अवलोकन करेंगे। इस दौरान वहां अपनाई जा रही व्यवस्थाओं और प्रक्रियाओं का अध्ययन कर उनके प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त की जाएगी। निगम के अधिकारियों के अनुसार इस अध्ययन प्रवास का उद्देश्य खाद्यान्न उपार्जन और वितरण प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ तथा प्रभावी बनाने की दिशा में अनुभवों का आदान-प्रदान करना है।

# एसबीआई ने दी एम्बुलेंस और कैंसर जांच बस




**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं को सहायता प्रदान की है। बैंक ने एक अत्याधुनिक हृदय चिकित्सा एम्बुलेंस तथा चलित कैंसर जांच बस उपलब्ध कराई है।

बैंक के प्रबंध निदेशक रामा मोहन राव अमारा तथा भोपाल मंडल के मुख्य महाप्रबंधक प्रभाष कुमार सुबुद्धि ने अमलतास एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी, देवास और सबका सहारा सोशल वेलफेयर सोसायटी, भोपाल को सहायता राशि के प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए। अमलतास चिकित्सा विज्ञान संस्थान, देवास को उपलब्ध कराई गई एम्बुलेंस आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी।

वहीं सबका सहारा सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित चलित कैंसर जांच बस ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य परीक्षण तथा कैंसर जांच की सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। कार्यक्रम में बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अमलतास समूह के डॉ. प्रशांत और सबका सहारा सोशल वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. अभिजीत देशमुख भी उपस्थित रहे। उन्होंने बैंक के सहयोग को जनस्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए आभार व्यक्त किया।


**उप खण्ड अधिकारी पिपरिया जिला Narmadapuram (नर्मदापुरम) (म.प्र.)**

**उद्घोषणा**

प्रकरण क्रमांक 0452/ब-121/2025-26 (तहसीलदार बनखेड़ी)

1. अजब सिंह पिता चुन्नीलाल मेहरा, ग्राम कोटवार ग्राम बेदर तहसील बनखेड़ी, जिला-नर्मदापुरम म.प्र......................... आवेदक

**विरुद्ध**

1. सर्वसाधारण...............................................................अनावेदकगण

विषय:-अन्य:-विविध ।

आवेदक अजब सिंह पिता चुन्नीलाल मेहरा, ग्राम कोटवार ग्राम बेदर तहसील बनखेड़ी, जिला-नर्मदापुरम म.प्र. के द्वारा मालगुजारों द्वारा दी गई भूमि पर भूमि स्वामी हक प्रदाय करने बावत् विषयक अवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम बेदर स्थित भूमि खसरा नंबर 44, 87, 185 रकबा 2.25, 0.03, 13.09 एकड़ कुल रकबा 15.37 एकड़ भूमि पर भूमि स्वामी हक प्रदाय करने हेतु निवेदन किया है।

अतएव सर्वसाधारण के सूचनार्थ यह प्रकाशित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में यदि किसी को किसी प्रकार की आपत्ति है, तो वह प्रकरण में नियत तिथि **15.07.2026** को अथवा उसके पूर्व न्यायालयीन समय में स्वत: अथवा विधिक अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक **09.06.2026** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**उप खण्ड अधिकारी पिपरिया**
**जिला Narmadapuram ( नर्मदापुरम ) ( म.प्र. )**



**उप खण्ड अधिकारी पिपरिया जिला Narmadapuram (नर्मदापुरम) (म.प्र.)**

**उद्घोषणा**

प्रकरण क्रमांक 0457/ब-121/2025-26 (तहसीलदार बनखेड़ी)

1. माखनलाल पिता कौशल प्रसाद मेहरा, ग्राम कोटवार ग्राम जासरवानी तहसील बनखेड़ी, जिला-नर्मदापुरम म.प्र.........................................आवेदक

**विरुद्ध**

1. सर्वसाधारण...............................................................अनावेदकगण

विषय:-अन्य:-विविध ।

आवेदक माखनलाल पिता कौशल प्रसाद मेहरा, ग्राम कोटवार ग्राम जासरवानी तहसील बनखेड़ी, जिला-नर्मदापुरम म.प्र. के द्वारा मालगुजारों द्वारा दी गई भूमि पर भूमि स्वामी हक प्रदाय करने बावत् विषयक अवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम जासरवानी स्थित भूमि खसरा नंबर 56 रकबा 5.52 एकड़ कुल रकबा 7.52 एकड़ भूमि पर भूमि स्वामी हक प्रदाय करने हेतु निवेदन किया है।

अतएव सर्वसाधारण के सूचनार्थ यह प्रकाशित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में यदि किसी को किसी प्रकार की आपत्ति है, तो वह प्रकरण में नियत तिथि **15.07.2026** को अथवा उसके पूर्व न्यायालयीन समय में स्वत: अथवा विधिक अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक **09.06.2026** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**उप खण्ड अधिकारी पिपरिया**
**जिला Narmadapuram ( नर्मदापुरम ) ( म.प्र. )**



**न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील बनखेडी, जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)**

जावक क्रमांक- Q रा.प्र.क्र. /0034/अ-6(अ)/2026-27

पेशी दिनांक- 16/06/2026

**उद्घोषणा**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि राजस्व मंडल बनखेडी प.ह.नं. 47 मौजा हनोतिया तहसील बनखेडी जिला नर्मदापुरम में स्थित भूमि खसरा नंबर 11, 80/2, 106/2 रकवा क्रमशः 0.721, 1.101, 0.040 हे. जुमला रकबा 1.862 हे. भूमि पर छन्नूलाल आत्मज पन्नूलाल का नाम दर्ज करबाये जाने बाबत आवेदक छन्नूलाल आत्मज पन्नूलाल जाति गौंड निवासी हनोतिया तहसील बनखेडी जिला नर्मदापुरम के द्वारा आवेदन पत्र इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है ।

अत: आवेदन उल्लेखित अनुसार भू-अभिलेखो में दुरुस्ती / संशोधन परिवर्तन की कार्यवाही हेतु इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 16/06/2026 को न्यायालयीन समय में स्थान तहसील कार्यालय बनखेडी में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता, जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिए गये हों, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन राजस्व प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है 7 नियत पेशी दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 11/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

दिनांक :- 11.06.2026

स्थान :- बनखेडी

सील

**राम सिपाही सिंह मसबील नायब तहसीलदार**
**तहसील - बनखेडी जिला - नर्मदापुरम**


# महुआ लाहन और कच्ची शराब जब्त

**भोपाल,देशबन्धु।** आबकारी विभाग ने अवैध शराब निर्माण और बिक्री के खिलाफ अभियान को जारी रखते हुए शुक्रवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बड़ी कार्रवाई की। विभागीय दाल ने छावनी पठार, बंजारा बस्ती, ट्रांसपोर्ट नगर कोकता और हरिपुरा में दबिश देकर 6 सौ किलोग्राम महुआ लाहन तथा 35 लीटर हाथ भट्टी निर्मित अवैध शराब जब्त की। इस मामले में पांच प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन तथा सहायक आबकारी आयुक्त वीरेंद्र सिंह धाकड़ के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग के अमले ने जिले में अवैध मदिरा के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाया। जिला आबकारी कंट्रोलर रामगोपाल भदौरिया के नेतृत्व में शुक्रवार सुबह मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर वृत्त क्रमांक-5 के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर एक साथ कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान छावनी पठार, बंजारा बस्ती, ट्रांसपोर्ट नगर कोकता और हरिपुरा क्षेत्र से कुल 6 सौ किलोग्राम महुआ लाहन तथा 35 लीटर हाथ भट्टी निर्मित अवैध शराब बरामद की गई। आबकारी अमले ने मौके से नमूने लेकर महुआ लाहन को नष्ट भी किया। इसके साथ ही अमले ने टीम ने आबकारी एक्ट के तहत पांच अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए हैं, जिनमें गीता बाई, सुगना बाई, निशा, डुली बाई और बसंती बाई को आरोपी बनाया गया है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद बैतूल (म.प्र.)**

क्रमांक /स्वा.शा./ई./2419 बैतूल दिनांक 10.06.2026

**ई-टेन्डर आमंत्रण सूचना**
**(द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना)**

निम्नलिखित कार्य/ऑफर हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है।

| क्र. | ऑन लाईन निविदा क्र. | कार्य/सामग्री का विवरण | कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_ 514762_1 2nd call | OFFER INVITING TENDER FOR OPERATION AND MIANTENANCE OF PUBLIC TOILET AT GENDA CHOUK SADAR BETUL | 1-15 YEAR | 1-5000/- 2-50000/- | 29.06.2026 |

**नोट:-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in/nicgep/app की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

**( नवनीत पाण्डेय )**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बैतूल**

# अभिमत

**इस थार के मरुस्थल में उरमूल सीमांत का काम कई मायनों में अनूठा है। हस्तशिल्प कशीदाकारी के साथ टिकाऊ कृषि कार्यक्रम, जैविक खेती, बागवानी, चारागाह विकास कार्यक्रम जारी रखे गए, जिससे समुदायों को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिल सके। तालाबों को बचाने का भी महत्वपूर्ण और उपयोगी है। यह पूरी पहल उपयोगी व अनुकरणीय है।**

## मरूभूमि में आत्मनिर्भरता की राह

**नवाचार**

■ बाबा मायाराम

पश्चिमी राजस्थान का यह इलाका थार का मरुस्थल कहलाता है। यहां की मुख्य आजीविका कृषि और पशुपालन है। इस इलाके में मैं कई बार गया हूं, आज इस यहां की खेती, पशुपालन और आजीविका के बारे में चर्चा करना चाहूंगा, जिससे यह समझा जा सके कि कठिन परिस्थितियों में भी कैसे बेहतर जीवनयापन किया जा सकता है।

इस इलाके में उरमूल सीमांत समिति करीब चार दशक से कार्यरत है। उरमूल यानी उत्तरी राजस्थान मिल्क यूनियन लिमिटेड। 90 के दशक में उरमूल का विकेन्द्रीकरण हुआ। उरमूल ट्रस्ट बना। उरमूल सीमांत समिति नेटवर्क संस्था है। उरमूल की और शाखाएं हैं, पर अब सभी स्वतंत्र ढंग से काम कर रही हैं। विकेन्द्रीकरण की सोच से किया।

उरमूल सीमांत का केन्द्र बज्जू गांव (बीकानेर जिला) में स्थित है। इस संस्था द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, कशीदाकारी, कढ़ाई-बुनाई और स्थायी आजीविका, टिकाऊ कृषि, किचन गार्डन जैसे कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

**उरमूल यानी उत्तरी राजस्थान मिल्क यूनियन लिमिटेड। 90 के दशक में उरमूल का विकेन्द्रीकरण हुआ। उरमूल ट्रस्ट बना। उरमूल सीमांत समिति नेटवर्कसंस्था है। उरमूल की और शाखाएं हैं, पर अब सभी स्वतंत्र ढंग से काम कर रही हैं। विकेन्द्रीकरण की सोच से किया। उरमूल सीमांत का केन्द्र बज्जू गांव (बीकानेर जिला) में स्थित है। इस संस्था द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, कशीदाकारी, कढ़ाई-बुनाई और स्थायी आजीविका, टिकाऊ कृषि, किचन गार्डन जैसे कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।**

यहां जब मैं पहली बार गया था, तो यह इलाका मैदानी इलाकों से अलग लगा। मरुस्थल यानी शुष्क क्षेत्र। थार के मरुस्थल में दूर-दूर तक रेत के मैदान हैं। रेत के पहाड़ हैं, जिन्हें यहां धौरे कहा जाता है। छोटी कंटीली झाड़ियां हैं। विरल पेड़ पौधे हैं। यहां कम पानी और बहुत गरमी होती है।

यहां मैं संस्था से जुड़ी कई महिलाओं से मिला था, जो कशीदाकारी का काम करती थीं, और उन्हें घर बैठे कुछ कमाई हो जाती थी। उरमूल ने अच्छी डिजाइन से लेकर मार्केटिंग तक की कड़ी जोड़ी है, जिससे सैकड़ों महिलाओं को रोजगार उपलब्ध हुआ है। यह सिलसिला आगे बढ़ रहा है।

यहां के कार्यकर्ताओं ने बताया था कि साल 1991 के आसपास एक दूसरे क्षेत्र में कशीदाकारी का काम शुरू किया गया। उरमूल से जुड़ी प्रेरणा अग्रवाल बताती हैं कि हम कारीगरों को कपड़े देते हैं, धागा और सुई उपलब्ध कराते हैं, उनसे कशीदाकारी करवाते हैं और फिर बाजार में आपूर्ति करते हैं। महिलाओं को उनके काम का मेहनताना मिल जाता है। कशीदाकारी के काम से कई ग्रामीण महिलाएं जुड़ी हैं। आज यह थार डेजर्ट क्राफ्ट या थार मरूज कला या थारी कशीदाकारी के नाम से देश-दुनिया में विख्यात है।

बाजार की मांग व नित बदलते फैशन के दौर में कशीदा उत्पादों में विविधता बढ़ी। पहले कच्छी भरत व सिंधी टांका ही काम में लिए जाते थे। कढ़ाई के बीच कांच लगाए जाते थे। समय के साथ इसमें बदलाव किया गया।

यहां की प्रेरणा अग्रवाल बताती हैं कि जब कुछ साल पहले कोविड के दौरान तालाबंदी हुई थी, तब होली के बाद का समय था। गांव के लोग खेती-किसानी के काम में लगे हुए थे। हमने तत्काल स्थिति की गंभीरता को समझा और ग्रामीण कार्यकर्ताओं की मदद के लिए टीम बनाई और पहल शुरू की।

वे आगे बताती हैं कि सबसे पहले हमने महिलाओं को मास्क बनाने का प्रशिक्षण दिया। बीकानेर, गंगानगर और हनुमानगढ़ जिले के गांवों में कई केन्द्र बनाए थे। बुनकरों समूहों से सूत बनवाया, और उस कपड़े से सिलाई प्रशिक्षण केन्द्रों में मास्क तैयार करवाए।

मास्क तैयार करने के लिए महिलाओं की पुरानी साड़ियों का इस्तेमाल किया। नापासर, लूनकरणसर के बुनकरों से कपड़ा खरीदा। कपड़े की डोरियां बनवाई। इस तरह हमने ढाई-तीन लाख मास्क बनाए। उनमें कढ़ाई व कशीदाकारी भी करवाई। इससे हमारे शिल्प इकाई के कर्मचारियों की आजीविका चली। संस्था से करीब 4-5 हजार कारीगर जुड़े हैं, उन्हें लगातार रोजगार मिला, और मास्क से कोविड-19 से बचाव हुआ।

उरमूल संस्था शिल्प इकाई से जुड़ी कार्यकर्ता बताती है कि इसका अच्छा असर हुआ। साथ ही उन्हें शिल्प इकाई के माध्यम से दुपट्टे रंगाई का काम दिया गया, जिससे उनके हाथ में कुछ पैसा आए। शिल्प इकाई से जुड़ी महिलाओं ने अपने स्तर पर मास्क बनाकर बेचे। रूनिया बड़ावास गांव की गोगा जी और चाड़ासर गांव की रचना जी ने बड़े पैमाने पर मास्क बनाए और बेच कर कुछ कमाई की। गडियाला की नसीम बानो ने सूती दुपट्टों को रंगाई कर बेचा और कुछ पैसे कमाए।

इसी प्रकार, पशुपालन और कृषि यहां की प्रमुख आजीविका है। ऊंट यहां की जीवनरेखा है, किस तरह ऊंटपालकों को मदद की जाए, इसकी कोशिश की जा रही है।

डिजर्ट रिसोर्स सेंटर के अंशुल ओझा बताते हैं कि हम न केवल तत्कालीन राहत का करते हैं बल्कि दीर्घकालीन काम भी किया जा रहा है। इसमें चारागाह विकास कार्यक्रम, शिल्प इकाई, टिकाऊ कृषि, किचन गार्डन व दूध डेयरी की गतिविधियां शामिल हैं।

टिकाऊ कृषि कार्यक्रम के तहत जैविक खेती, केंचुआ खाद, जैव कीटनाशक, राठी नस्ल की दुधारू गायों की देखभाल, पशु आहार, चारागाह विकास, बागवानी (किचन गार्डन) आदि के प्रशिक्षण दिए जाते हैं। इसके अलावा, उरमूल परिसर में कृषि डेमो फार्म भी बनाया गया है, जिसमें केंचुआ खाद, जैव कीटनाशक, फलदार पेड़, बागवानी (किचन गार्डन), गोबर गैस प्लांट, ड्राई सोलर यूनिट, पशु आहार, चारागाह आदि हैं, जिसे देखकर और सीखकर किसान खुद कर सकें। इससे उनकी खेती की लागत भी कम होगी और जमीन की उर्वरा शक्ति भी बनी रहेगी।

इसी प्रकार, उरमूल ने तालाबों को पुनर्जीवित करने और उनका दस्तावेजीकरण करने का अनूठा काम किया है। कुछ वर्ष पहले उन्नति संस्था के साथ मिलकर उरमूल ने तालाबों को बचाने और उनके रखरखाव का दस्तावेजीकरण व जागरूकता का कार्यक्रम चलाया था, जिसमें मैं भी शामिल हुआ था। हमने 5 जिलों के तालाबों का अवलोकन किया था। गांवों में ग्रामीणों से बातचीत की थी। तालाबों के सार-संभाल पर ग्रामीणों की परंपराओं से हम सब प्रभावित हुए थे, जिस पर मैंने कुछ लेख भी लिखे थे।

मुझे यह देखकर सुखद आश्चर्य हुआ था कि हमें एक भी तालाब में गंदगी नहीं मिली। साफ-सुथरे व स्वच्छ तालाब मिले थे। कई तो सैकड़ों साल पुराने तालाब हैं, ग्रामीण इन तालाबों का न केवल पानी पीते हैं, बल्कि इनकी सार-संभाल का जिम्मा खुद उठाते हैं। उन्होंने तालाबों का साफ रखने के कई अलिखित नियम भी बनाए हुए हैं। संस्था ने गांवों में टंकी निर्माण के लिए भी सहायता की है। इस काम में संस्था के सुनील लहरी ने महती भूमिका निभाई है। उन्होंने मुझे कई गांवों में भी घुमाया था, और ग्रामीणों से मिलवाया था। तालाबों के महत्व, सार संभाल, उसके भंडारण के तरीके बताए थे।

कुल मिलाकर, इस थार के मरुस्थल में उरमूल सीमांत का काम कई मायनों में अनूठा है। हस्तशिल्प कशीदाकारी के साथ टिकाऊ कृषि कार्यक्रम, जैविक खेती, बागवानी, चारागाह विकास कार्यक्रम जारी रखे गए, जिससे समुदायों को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिल सके। तालाबों को बचाने का भी महत्वपूर्ण और उपयोगी है। यह पूरी पहल उपयोगी व अनुकरणीय है। क्या हम इस दिशा में आगे बढ़ना चाहेंगे?

## बीता सप्ताह

**6 जून**

- एयर मार्शल आशुतोष वायुसेना के नए वाइस चीफ ऑफ एयर स्टाफ नियुक्त किया गया है।
- चुनाव प्रक्रिया में सुनवाई पर मद्रास हाईकोर्ट ने सख्त हुआ कहा इससे भारत में आ जाएगी तानाशाही।
- मप्र के बैतूल जिले की एकीकृत जनजातीय विकास परियोजना भैसदेही को जनजातीय क्षेत्रों में उत्कृष्ट विकास कार्यों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया।
- दमदार विकेटकीपर बल्लेबाज के.एस. भरत ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया सन्यास।

**7 जून**

- दिल्ली के जंतर मंतर में कॉकरोच जनता पार्टी ने शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को इस्तीफा देने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया।
- राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संबंधी संसदीय स्थायी समिति का सदस्य नामित किया गया।
- भारतीय शतरंज के युवा सितारे व ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद नार्वे शतरंज खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने।
- अंतरिक्ष में माइक्रोग्रेविटी से पूरी तरह बदल जाता है तरल पदार्थो का व्यवहार।

**8 जून**

- तीन महीने में दूसरी बार घरेलु गैस सिलेंडर 29 रूपये महंगा हुआ।
- अदाणी ग्रुप के चेयरमेन गौतम अदाणी एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने।
- अयोध्या में राममंदिर की दान पेटी से करोड़ों रूपये की चोरी हो गई।
- पूरी दुनिया की जलवायु व महासागरों के संतुलन को बनाए रखती है क्रामांस्फीयर।

**9 जून**

- विशाखा पटनम स्टी प्लांट में पिघले हुए लोहे की चपेट में आने से आठ लोगों की मौत हो गई।
- पूर्व जस्टिस मार्केंडेय काटजू ने बनाई इश्क करो पार्टी।
- छग के युवा बल्लेबाज आयुष पांडे इंडिया ए टीम में जगह बनाने वाले छत्तीसगढ़ के पहले क्रिकेटर बने।
- अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने आटेमिस-3 मिशन की तैयारियां तेज कर दी है।

**10 जून**

- धान के बदले दूसरी फसल लगाने पर छग सरकार देगी प्रति एकड़ 15 हजार रूपये।
- मध्यप्रदेश से मीनाक्षी नटराजन का राज्यसभा नामांकन निरस्त हो गया।
- छग के तीन जवानों कांकेर के पुलिस निरीक्षक लक्ष्मण केंवट और रामेश्वर देशमुख तथा बालोद के असम राइफल्स के जवान भोजराज साहू को राष्ट्रपति ने शौर्यचक्र से सम्मानित किया।
- पीएम मोदी सबसे लंबे समय कार्यकाल वाले प्रधानमंत्री बने।

**11 जून**

- ग्लोबल पीस इंडेक्स 2026 की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के सबसे सुरक्षित देशों में भारत को शीर्ष 100 देशों में नहीं मिली जगह।
- पाकिस्तानी सेना का एमआई 17 हेलीकॉप्टर पीओके में क्रैश, सभी सैनय कर्मियों की मौत।
- मंगोलिया में फुट एंड मउथ डिजीज का प्रकोप 1200 से अधिक पशुओं को मारा गया।
- फदीम सिन्हा बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) के नए चेयरमेन होंगे।

**12 जून**

- राजनांदगांव (छग) की महक नरवासे का भारत की 19 महिला टीम में चयन।
- होर्मुज के पास पलाऊ के झंडे वाले एमटी सेट्टेबेलों पर हुए हमले में 3 भारतीय की मौत हो गई।
- भारत और नेपाल ने परस्पर डिजीटल वित्तीय संपर्क और सहयोग को बढ़ावा देने नेपाल में भी यूपीआई चालू किया।
- तारवान ने किया अमेरिका निम्रित हिमार्स लॉन्चर का परीक्षण।

## गांधी के मुताबिक : छल-कपट से फिलिस्तीन यहूदियों को नहीं दिया जा सकता

■ विवेकानंद माथने

महात्मा गांधी उस दौर में सक्रिय थे जब फिलिस्तीन का प्रश्न विश्व राजनीति में उभर रहा था। यूरोप में यहूदियों का उत्पीड़न, 'ज़ायोनी आंदोलन' का उदय, फिलिस्तीन में 'यहूदी राष्ट्रीय गृह' की मांग, 'बाल्फोर घोषणा' और बढ़ते यहूदी प्रवास जैसी घटनाएं तेजी से हो रही थीं। गांधीजी के कई निकट सहयोगी यहूदी थे, वहीं भारतीय मुसलमानों और अरब जगत के प्रश्नों से भी उनका गहरा सरोकार था। वे दोनों समुदायों के इतिहास और पीड़ा से परिचित थे और यहूदियों के प्रति सहानुभूति रखते थे, लेकिन फिलिस्तीनी अरबों पर हो रहे अन्याय और औपनिवेशिकता थोपने के सख्त खिलाफ थे।

'प्रथम विश्वयुद्ध' के बाद वैश्विक राजनीति तेजी से बदल रही थी। पराजित 'तुर्क साम्राज्य' (उस्मानी सल्तनत) को विभाजित करने के लिए ब्रिटेन और फ्रांस ने 'सेवर की संधि' की रूपरेखा बनाई, जिसके तहत अरब क्षेत्रों और इस्लामी पवित्र स्थलों को यूरोपीय नियंत्रण में बांटने की योजना थी। इस औपनिवेशिक हस्तक्षेप ने भारतीय मुसलमानों के साथ-साथ महात्मा गांधी को भी गहराई से उद्वेलित कर दिया। गांधीजी ने इसे केवल धार्मिक नहीं, बल्कि साम्राज्यवाद के क्रूर चेहरे और वैश्विक न्याय के हनन के रूप में देखा।

**'पिछले युद्ध में मुसलमान सैनिकों ने अपना खून इसलिए नहीं बहाया कि वे फिलिस्तीन को मुसलमानी नियंत्रण से बाहर किसी दूसरे को अर्पित कर दें। मैं चाहता हूं कि मेरे यहूदी मित्र भारत के सात करोड़ मुसलमानों की स्थिति पर निष्पक्ष भाव से विचार करें। एक स्वतंत्र राष्ट्र के नाते क्या वे अपनी पवित्र मिल्कियत का एक ऐसे ढंग से छीना जाना बर्दाश्त कर सकते हैं जो उनकी दृष्टि में विश्वासघातपूर्ण है?'**

मार्च 1921 में महात्मा गांधी ने लंदन के समाचार पत्र 'डेली हेरॉल्ड' को दिए एक साक्षात्कार में ब्रिटिश सरकार द्वारा मुसलमानों से किए गए वादों से मुकरने और 'सेवर की संधि' के जरिए अरब जगत पर थोपी गई नाइंसाफी की आलोचना की। 'खिलाफत आंदोलन' और फिलिस्तीन के संबंध को रेखांकित करते हुए गांधीजी ने कहा था कि 'खिलाफत मूलत: एक धार्मिक आंदोलन है;' यह आंदोलन सीधे पैगम्बर के निर्देशों से प्रेरणा ग्रहण करता है।' जिन्हें 'अरब के द्वीप' कहा जाता है उन्हें पूरी तरह से केवल मुसलमानों के ही नियंत्रण में रहना चाहिए; उस पर खलीफा की धार्मिक प्रभुसत्ता होनी चाहिए, चाहे फिलहाल खलीफा कोई भी हो।' इस्लाम के अस्तित्व के लिए यह जरूरी है कि ब्रिटेन और फ्रांस को दी गई अधिसत्ता बिलकुल समाप्त कर दी जाये।'

'फिलिस्तीन भी मुसलमानों के नियंत्रण में होना चाहिए।' धर्म या युद्ध का कोई भी फतवा 'मित्र-राष्ट्रों' द्वारा फिलिस्तीन का यहूदियों को सौंपा जाना उचित नहीं सिद्ध कर सकता। यह खास तौर पर भारतीय मुसलमानों के साथ और आमतौर पर समूचे भारत के साथ विश्वासघात करना होगा; यदि युद्ध के प्रारंभ में ब्रिटेन ने ऐसे किसी अधिकार हरण की संभावना की ओर इशारा किया होता तो एक भी भारतीय सिपाही युद्ध में न जाता।' 'प्रथम विश्वयुद्ध' के बाद 'खिलाफत आंदोलन' (1919-1924) के दौरान भारतीय मुसलमान तुर्की के खलीफा और इस्लामी पवित्र स्थलों की स्थिति को लेकर चिंतित थे।

इसी संदर्भ में ब्रिटिश वादों और फिलिस्तीन के भविष्य पर महात्मा गांधी ने 23 मार्च 1921 को 'यंग इंडिया' में लिखा- 'सेवर्स की संधि में जिस परिवर्तन की बात सोची जा रही है, उससे भारतीय मुसलमान संतुष्ट नहीं हो सकते; और इतना कहना काफी कह देना है।' मेरी नम्र राय में, भारत के मुसलमानों की मांगें स्वीकार कर ली जायें' इसके दो कारण हैं। 'खिलाफत' एक आदर्श है और जब कोई व्यक्ति किसी आदर्श को लेकर चलता है तो उसका रास्ता दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती। मुसलमान उस आदर्श का प्रतिनिधित्व करते हैं और समस्त भारत के सर्वसाधारण का समर्थन उन्हें प्राप्त है।'

गांधीजी ने कहा था कि 'छल-कपट से और नैतिकता के बंधनों को तोड़कर फिलिस्तीन यहूदियों के हाथों में नहीं दिया जा सकता। फिलिस्तीन के सवाल को लेकर तो यह लड़ाई नहीं लड़ी गई थी। ब्रिटिश सरकार एक भी मुसलमान सिपाही से यह कहने का साहस नहीं कर सकती थी कि वह फिलिस्तीन को अपने मुसलमान भाइयों के नियंत्रण से छीनकर यहूदियों को दे देगी। फिलिस्तीन यहूदियों का तीर्थस्थल है, इसलिए उनके लिए यह एक ऐसी भावना की चीज है जिसका आदर करना चाहिए और अगर मुसलमान आदर्शवादी यहूदियों को उतनी ही स्वतंत्रता से पूजन आदि नहीं करने देते जितनी स्वतंत्रता से स्वयं करते हैं तो यहूदियों का शिकायत करना उचित होगा।'

'नैतिकता या युद्ध के परिणामस्वरूप फिलिस्तीन यहूदियों को नहीं सौंपा जा सकता।... अगर 'खिलाफत' के सवाल का न्यायसम्मत निपटारा होता है तो 'जजीरत-उल-अरब' को खलीफा की धार्मिक प्रभुसत्ता के आधीन पूरी तरह से मुसलमानों के नियंत्रण में ही देना होगा।' 'खिलाफत आंदोलन' के दौरान ही दक्षिण अफ्रीका के एक मित्र ने गांधीजी से पूछा था कि 'क्या मुसलमान फिलिस्तीन यहूदियों को वापस कर देंगे?' इसके जवाब में गांधीजी ने 6 अप्रैल 1921 को 'यंग इंडिया' में मुसलमानों के ऐतिहासिक दावे को रेखांकित करते हुए लिखा था- 'मुसलमान दावा करते हैं कि फिलिस्तीन 'जजीरत-उल-अरब' का अविभाज्य अंग है। वे पैगम्बर की आज्ञा के अनुसार उस पर कब्जा बनाये रखने के लिए बाध्य हैं, किन्तु इसका यह अर्थ नहीं है कि यहूदी और ईसाई फिलिस्तीन में बे-रोक टोक आ-जा नहीं सकते या वहां बसकर अचल संपत्ति के स्वामी नहीं हो सकते।' गैर-मुसलमान या यहूदी उस स्थान पर संपूर्ण प्रभुता-संपन्न वह अधिकार प्राप्त नहीं कर सकते, जिस पर धार्मिक विजय के अधिकार से मुसलमानी शक्तियों का सदियों से कब्जा रहा है।'

'पिछले युद्ध में मुसलमान सैनिकों ने अपना खून इसलिए नहीं बहाया कि वे फिलिस्तीन को मुसलमानी नियंत्रण से बाहर किसी दूसरे को अर्पित कर दें। मैं चाहता हूं कि मेरे यहूदी मित्र भारत के सात करोड़ मुसलमानों की स्थिति पर निष्पक्ष भाव से विचार करें। एक स्वतंत्र राष्ट्र के नाते क्या वे अपनी पवित्र मिल्कियत का एक ऐसे ढंग से छीना जाना बर्दाश्त कर सकते हैं जो उनकी दृष्टि में विश्वासघातपूर्ण है?' यहूदियों के प्रति सहानुभूति के बावजूद, महात्मा गांधी का स्पष्ट मानना था कि ऐतिहासिक और नैतिक रूप से फिलिस्तीन पर पहला अधिकार वहां के मूल निवासियों का है और किसी भी बाहरी छल-कपट या औपनिवेशिक दबाव से इसे यहूदियों को नहीं सौंपा जा सकता।

**(लेखक 'आजादी बचाओ आंदोलन' एवं 'किसान स्वराज आंदोलन' से संबद्ध हैं।)**

## घरेलू सोने का उपयोग कर विदेशी मुद्रा बचाने की पेशकश



ए वासुदेवन

जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीयों से अपील की कि कम से कम एक साल के लिए भारत में सोने का आयात टाला जा सकता है, तो उन्होंने ऐसा उस बड़ी अनिश्चितता के संदर्भ में किया जिसका सामना देश कर रहा है। यह अपील खासकर मध्य पूर्व में संघर्ष और होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने या लगभग बंद होने की वजह से बड़े पैमाने पर आपूर्ति में रुकावटों के कारण की गई। भारत अभी 72 अरब अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष से ज़्यादा के सोने का आयात करता है। इसके परिणामस्वरूप व्यापार असंतुलन तेजी से बढ़ गया है। भारत का फॉरेन एक्सचेंज रिज़र्व 700 अरब डॉलर से नीचे गिर गया है और कुल विदेश पूंजी निवेश नगण्य हो गया है। अगर खाद, ईंधन (कच्चा तेल और गैस) और दूसरे ज़रूरी सामान के स्टॉक में और कमी होती है तो कुल रिज़र्व मुश्किल से ही काफ़ी बफर दे पाएगा। अकेले भारत का ईंधन आयात कुल ज़रूरतों का 85 प्रतिशत से ज़्यादा है। समय-समय पर लगने वाले प्रतिबंध और अचानक आने वाली धमकियों से बढ़ते टकराव के हालात ने ईंधन आपूर्ति पर असर डाला है जिससे कच्चे तेल की कीमतें 100 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के आसपास और कभी-कभी उससे भी ज़्यादा बढ़ी हैं। मध्य पूर्व में अभी के शांति प्रयास शायद जल्द कामयाब न हों और इसलिए भारत को ऊर्जा की दूसरी मांगों को पूरा करने के लिए दूसरे रणनीतिक समाधान ढूंढने होंगे।

**मध्य पूर्व में अभी के शांति प्रयास शायद जल्द कामयाब न हों और इसलिए भारत को ऊर्जा की दूसरी मांगों को पूरा करने के लिए दूसरे रणनीतिक समाधान ढूंढने होंगे। इस स्थिति को देखते हुए न केवल ईंधन बल्कि सोने और अन्य सामानों के बड़े पैमाने पर आयात पर (मूल्य के हिसाब से) निर्भरता कम करनी ज़रूरी है। सोना ऐसी ही एक चीज़ है।**

इस स्थिति को देखते हुए न केवल ईंधन बल्कि सोने और अन्य सामानों के बड़े पैमाने पर आयात पर (मूल्य के हिसाब से) निर्भरता कम करनी ज़रूरी है। सोना ऐसी ही एक चीज़ है। जहां तक सोने की बात है, भारतीय परिवारों के पास पारंपरिक रूप से आपातकालीन स्थितियों से निपटने, संपत्ति के तौर पर और शादियों जैसे मौकों पर गहनों के रूप में इस्तेमाल करने की ज़रूरत को पूरा करने के लिए सोना होता है।

भारतीय परिवारों के पास सोने का काफ़ी स्टॉक है। फिर भी सोने की मांग इतनी बढ़ रही है कि कुल आयात में इसके आयात का हिस्सा 2013-14 में लगभग 6 प्रतिशत से बढ़कर 2025-26 में अनुमानित 9.25 प्रतिशत हो गया है। परिवारों के पास मौजूद सोने के अलावा, रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया (आरबीआई) के पास भी अप्रैल, 2026 के आंकड़ों के अनुसार 120 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य का सोना है। हिंदू, इस्लामी, सिख, ईसाई और बौद्ध धर्मों का प्रतिनिधित्व करने वाले धार्मिक संस्थानों, ट्रस्टों, बोर्डों आदि के पास भी सोने का काफ़ी स्टॉक है। कुछ अनुमानों के अनुसार इन संस्थानों के पास 2500 से 4000 टन सोना है।

अप्रैल 2026 में रिजर्व बैंक का गोल्ड रिज़र्व कुल विदेशी मुद्रा रिज़र्व का लगभग 17 प्रतिशत थे। ये मैक्रो-इकानॉमिक स्थिरता लाने में मदद करते हैं और एक सुरक्षा कवच प्रदान करते हैं जिसका उपयोग विदेशी मुद्रा की दरों में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए किया जा सकता है।

अगर घरों में सोने की मांग को पूरा करना है तो एक तरीका हो सकता है कि यह देखा जाए कि क्या धार्मिक संस्थान और ट्रस्ट बिना किसी बड़े नुकसान के इसे पूरा कर सकते हैं। यह कोई नया विचार नहीं है लेकिन इस पर अमल किया जा सकता है क्योंकि इन संस्थानों को ऐसे लोग चलाते हैं जो किसी भी अन्य नागरिक की तरह ही सामाजिक और राष्ट्रीय हितों के प्रति जागरूक हैं। इसलिए भारत सरकार इन संस्थानों को 1 औंस (1 औंस लगभग 28.35 ग्राम), 2 औंस और 5 औंस के सोने के सिक्के और 10 औंस की टिकिया (टैबलेट) जारी करने और उन्हें व्यक्तियों/छोटे व्यापारियों को एक निश्चित सीमा तक (जैसे प्रति खरीदार 'प्रति दिन' 20 औंस से अधिक नहीं, साथ ही खरीदारों के पैन नंबर के साथ बिक्री का विवरण आयकर कार्यालयों को भेजे जाने के निर्देश के साथ) बेचने के लिए मना सकती है। औंस वजन या आयतन मापने की एक इकाई है जो मुख्य रूप से अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों में प्रचलित है। इसमें एक बायबैक (वापस खरीदने) का विकल्प भी हो सकता है जिसकी कीमत एक साल बाद कीमती धातुओं या किसी प्रमुख विदेशी मुद्रा के फ्यूचर मार्केट्स से तय की जा सकती है। इसके अलावा ये संस्थान, रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया को बायबैक विकल्प के साथ सोने की छड़ें (गोल्ड बार) बेच सकते हैं जिसमें यह शर्त हो कि इस विकल्प का इस्तेमाल दो साल की अवधि के बाद किया जाएगा। हालांकि बिक्री की मात्रा प्रत्येक संस्थान के पास मौजूद कुल सोने के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। ज़रूरत पड़ने पर इस समझौते को और दो साल के लिए बढ़ाया जा सकता है।

इन संस्थानों से होने वाली कमाई का इस्तेमाल पहले की तरह ही शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों, प्रिंट या डिजिटल किताबों वाली पब्लिक लाइब्रेरी और दूसरे सामाजिक कामों के लिए किया जा सकता है। इससे भी ज़्यादा फ़ायदेमंद यह होगा कि कमाई का एक बड़ा हिस्सा (जैसे कुल कमाई का 75-80 प्रश) टेक्नालॉजी और साइंस से जुड़े रिसर्च पर खर्च हो ताकि ऐसा नवाचार अपनाया जाए जिनसे उत्पादकता बढ़ाई जा सके। उदाहरण के लिए नए और अनोखे तरीकों से 'रेयर अर्थ एलिमेंट्स' का इस्तेमाल करने से कई उद्योगों- जैसे वाहन उद्योग, नवीकरणीय ऊर्जा, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों, रक्षा और एयरोस्पेस, लेज़र तकनीक, औद्योगिक विनिर्माण इत्यादि में उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी।

सभी नवाचारों का पेटेंट कराया जाएगा और जो लोग इन पेटेंट्स का इस्तेमाल करना चाहेंगे उन्हें इसके लिए कीमत चुकानी होगी। पेटेंट के इस्तेमाल से मिलने वाली रकम को एक तय अनुपात (जैसे 20:80) में उस खास संस्थानों और असल रिसर्चर (या रिसर्च कराने वाली संस्थाओं) के बीच बांटा जाएगा।

ऊपर दिए गए प्रस्ताव में यह बात है कि यह मौजूदा अनिश्चितता से विकास के लिए पैदा हुई मुख्य चुनौती को काफी हद तक हल करता है। सामान्य सकल घरेलू उत्पाद (ग्रास डोमेस्टिक प्रॉडक्ट- जीडीपी) में निवेश लगभग 32 फीसदी है और दुनिया भर में आर्थिक मंदी, बाहरी व्यापार और दूसरी दिक्कतों के मौजूदा हालात में इस अनुपात को और बढ़ाना भले ही विदेशी निवेशकों के लिए टैक्स के नियम आसान हों तो भी अगले 12 महीनों में तो बिल्कुल भी मुमकिन नहीं होगा। जीडीपी में निवेश के अनुपात के आलोक में यह नवाचारों और नई तकनीकी प्रक्रियाओं को अपनाने से संभव हुई उत्पादकता वृद्धि ही है जो काफी हद तक भारत की आर्थिक वृद्धि को सुरक्षित रखना सुनिश्चित करेगी।

**(लेखक रिज़र्व बैंक के पूर्व प्रबंध निदेशक हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस)**

## सार-समाचार

### गौशाला समिति के अध्यक्ष ने किया निरीक्षण, गौसेवकों की सराहना



**आष्टा, देशबन्धु।** कमला एकादशी पर नगर की प्राचीन मां पार्वती धाम गौशाला में गौसेवा, गौसंरक्षण एवं गायों के आहार-व्यवस्थाओं का रात्रिकालीन निरीक्षण किया गया। गौशाला समिति के अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा एवं कोषाध्यक्ष संजय सुराणा ने गौशाला पहुंचकर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा गौसेवकों द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की। गौरतलब है कि मां पार्वती धाम गौशाला में प्रतिदिन 100 से अधिक गौमाताओं के लिए हरा चारा, भूसा, सुदाना एवं पौष्टिक आहार की व्यवस्था की जाती है। साथ ही बीमार एवं दुर्घटनाग्रस्त गौवंशों का उपचार भी दानदाताओं, गौभक्तों एवं गौसेवकों के सहयोग से निरंतर किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान गौवंश के लिए स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, विद्युत सुविधाएं, गर्मी से राहत हेतु लगाए गए पंखे एवं साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया। इस अवसर पर शिवांश कुमावत, टाइगर सोनी, वीरेंद्र सिंह राठौड़, किरण शर्मा सहित अन्य गौभक्तों ने गायों के लिए आहार सौंपा। गौशाला समिति ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ, पूर्वजों की पुण्यतिथि, धार्मिक अनुष्ठान एवं अन्य मांगलिक अवसरों पर गौशाला पहुंचकर गायों की सेवा करें तथा गो-ग्रास अर्पित कर पुण्य अर्जित करें।

### हादसे का अंदेशा: सड़क पर एक ओर वाहन, दूसरी ओर मवेशी



**आष्टा, देशबन्धु।** पुराना हाईवे रोड पार्वति पुल पर आधी रात को आधी सड़क पर बेसहारा गाय, बछड़े मौत के साये में बैठने पर मजबूर है। इन हर मौसम में सड़क पर ही रैन बसेरा बन चुका है। जैसे तेसे दिन भर घूम कर पेट तो भर लेते है पानी भी मिल जाता है पर विश्राम के लिए कोई जगह न होने के कारण सड़क पर ही हर पल मौत के साये में गुजारना पड़ती है। सड़क पर बैठे रहने के कारण तेज रफ्तार से निकलने वाले वाहनों से हमेशा खतरा बना रहता है। यहीं नहीं इससे पहले दुर्घटना में गाये घायल हो चुकी है वहीं कुछ की मौत भी हो चुकी है। पार्वति पुल पर आधी सड़क पर वाहन खड़े रहते है। दूसरी ओर गायों का जमावड़ा ऐसे में वाहन चालकों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना कर वाहन को निकालना पड़ता है। रोड पर खड़े वाहन को बचाते है तो कभी गायों को ऐसे में दुर्घटना के डर के चलते वाहनों को निकालना पड़ रहा है। पार्वति पुल के अलावा भी नगर में आधी सड़क पर नए बसस्टैंड से लेकर पुराना बसस्टैंड, पार्वति पुल के अलावा भी अलीपूर यहां तक की इंदौर भोपाल हाईवे पर भी आधी सड़क पर सैकड़ों वाहन अव्यवस्थित रूप से खड़े हुए आसानी से देखे जा सकते हैं। ऐसे ही हालात कन्नौद रोड भोपाल नाके से लेकर शहीद भगतसिंह कालेज तक सैकड़ों वाहन सड़क पर 24 घंटे सड़क पर खड़े हुए आसानी से देखे जा सकते है।

### कुशवाहा महासभा की संभागीय बैठक आज

**रायसेन, देशबन्धु।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की भोपाल संभागीय बैठक 13 जून को रायसेन स्थित कुश मांगलिक भवन, दशहरा मैदान में आयोजित की जाएगी। बैठक का शुभारंभ सुबह 11 बजे से होगा, जिसमें भोपाल संभाग के विभिन्न जिलों से समाज के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य शामिल होंगे। आयोजकों के अनुसार संगठन के विस्तार, मजबूती तथा समाजहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विशेष कार्ययोजना तैयार की जाएगी। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, भोपाल संभागीय अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष एवं संभाग के सभी कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहेंगे। जिलाध्यक्ष मूलचंद कुशवाहा ने समाज के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से बैठक में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया है।

नगर परिषद परिसर में आयोजित हुआ विशेष जनकल्याण शिविर

# जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने हितग्राहियों से की चर्चा, योजनाओं की दी जानकारी



**सांची, देशबन्धु।** नगर परिषद परिसर में शुक्रवार को विशेष जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम ने की। कार्यक्रम में नगर परिषद उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत, सीएमओ रामलाल कुशवाहा सहित पार्षद, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान उपस्थित लोगों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

शिविर में नागरिकों से योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में आ रही कठिनाइयों एवं समस्याओं की जानकारी भी ली गई। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाएगा, ताकि योजनाओं का लाभ समय पर हितग्राहियों तक पहुंच सके।

नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम ने कहा कि ऐसे जनकल्याण शिविर शासन की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम हैं। इन आयोजनों के माध्यम से योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली बाधाओं की पहचान कर उनका समाधान किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र हितग्राही तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। वहीं सीएमओ रामलाल कुशवाहा ने कहा कि शासन की योजनाओं की सही जानकारी लोगों तक पहुंचना आवश्यक है। हितग्राहियों की समस्याओं के समाधान के साथ-साथ नवीन योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे अधिक से अधिक नागरिक योजनाओं का लाभ सहज रूप से प्राप्त कर सकें।

कलेक्टर ने जनकल्याण शिविरों का किया निरीक्षण

## आवेदनों की जानकारी लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश



**रायसेन, देशबन्धु।** जिले के सभी नगरीय निकायों में शुक्रवार को जनकल्याण शिविरों का शुभारंभ हुआ। कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा ने बेगमगंज और सिलवानी में आयोजित जनकल्याण शिविर का जायजा लिया। उन्होंने शिविर स्थल पर लगाए गए विभिन्न स्टॉल का निरीक्षण कर जानकारी ली तथा नागरिकों से भी संवाद किया। उन्होंने एसडीएम, जनपद सीईओ तथा अन्य अधिकारियों से अभी तक प्राप्त आवेदनों की जानकारी लेते हुए कहा कि इन शिविर के आयोजन का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण और योजनाओं का हितलाभ वितरण करना है। सभी अधिकारी शिविर में प्राप्त आवेदनों का शीघ्रता से निराकरण सुनिश्चित कराएं। साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने की कार्यवाही भी शीघ्रता से पूर्ण कराएं। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ मल सोलंकी और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। शुक्रवार को जिला मुख्यालय रायसेन सहित बेगमगंज, सिलवानी, बाड़ी, उदयपुरा, देवरी सहित अन्य निकायों में जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया गया। रायसेन स्थित वन परिसर में आयोजित जनकल्याण शिविर का जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, नगर पालिका अध्यक्ष सविता सेन तथा सीएमओ सुरेखा जाटव द्वारा दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया गया। उन्होंने उपस्थित नागरिकों को संबोधित कर शिविर आयोजन के उद्देश्य तथा अनेक योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर नागरिकों से आवेदन प्राप्त किए गए। साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने शिविर स्थल पर अनेक विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल के निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष सविता सेन तथा अधिकारियों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। इसी प्रकार बाड़ी जनपद पंचायत कार्यालय में जनकल्याण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें एसडीएम अंकित जैन, जनपद सीईओ सहित विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों द्वारा आमजन से संवाद किया गया और समस्याओं का निराकरण किया गया।

वन अमले ने रात में घेराबंदी कर की कार्रवाई

## 4 मोटरसाइकिल सहित सागौन की लकड़ी जब्त, आरोपी फरार



**आष्टा, देशबन्धु।** गर्मी के दिनों में विभिन्न मार्गों से रास्ता होने के कारण वन माफिया चारों ओर से वनभूमि पर से अवैध तरीके से लकड़ी काटकर रात के अंधेरे में शहर की ओर ले जा कर महंगे दामों में बेचने का कार्य करते है, लेकिन इस बार वनमाफिया के लिए यह सब असंभव होता नजर आ रहा है। डीएफओ अर्चना पटेल के निर्देश पर एसडीओ राजेश शर्मा के मार्गदर्शन में रेंजर नवनीत झा एवं वन परिक्षेत्र आष्टा में पदस्थ डिप्टी रेंजर, वनरक्षक पूरी तरह सतर्क हैं। यही कारण है कि बीती रात चार मोटर सायकल जंगल से शहर की ओर आती हुई दिखी तभी रामपुरा लालघाटी के पास घेराबंदी कर वन विभाग की टीम ने पकड़ा जिनके पास से मोटर सायकल सहित 16 नग सागौन के जप्त किये। आरोपीग मोटर सायकल सागौन की लकड़ी सहित छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। रेंजर नवनीत झा ने बताया कि एक एक मोटर सायकर पर चार चार नग सागौन के थे। जप्त मोटर सायकल क्रमांक एमपी 04 एमएक्स 9741, एमपी 37 एमएम 0671 एवं दो बिना नम्बर की है। जप्त मोटर सायकल एवं लकड़ी की कीमत 55 हजार रूपये आंकी गई, वहीं आरोपियों के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया। इस कार्रवाई में रेंजर नवनीत झा, डिप्टी रेंजर कुमेर सिंह चौहान, वनरक्षक दिपेश राठौर, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, सुरक्षाकर्मी धनसिंह, शेर सिंह, वाहन चालक कैलाश वर्मा आदि वनकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### इंदौर से विदिशा जाते समय संत शिरोमणि का स्वागत



**आष्टा, देशबन्धु।** इंदौर से विदिशा की ओर प्रवास के दौरान संत शिरोमणि अछलानंद सेन महाराज का नगर आगमन हुआ। इस अवसर पर समाजजनों एवं श्रद्धालुओं द्वारा महाराज का स्वागत किया गया। समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं ने महाराज को शाल एवं श्रीफल भेंट कर उनका अभिनंदन किया। प्रवास के दौरान महाराज रॉयल कॉलोनी स्थित शिव मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान शिव का पूजन-अर्चन किया। मंदिर परिसर में आयोजित धर्मसभा में महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को धर्म, संस्कार, सदाचार एवं समाज सेवा का संदेश दिया। महाराज के आशीर्वचनों से उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इस अवसर पर गोविंद चौहान, अम्बाराम वर्मा, रवि वर्मा, नितिन वर्मा, पवन वर्मा, रोहित सेन, दिनेश सेन, सतीश मालवीय, संतोष मालवीय, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## जीवन दायिनी सीवन बचाने आज से हस्ताक्षर अभियान



**सीहोर, देशबन्धु।** जीवन दायिनी कहलाने वाली मां सीवन जिसके लिये सीवन पुत्र एवं पुत्री की टीम लगातार सीवन उद्धार अभियान को छेड़े हुए है और अभियान को चलते हुए 80 दिन हो गए है। इसी के तहत शनिवार से हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की जाएगी। इसके तहत टीम हर चौराहे पर जाकर लोगों से हस्तक्षर करवाएगी साथ ही उन्हें सीवन के प्रति जागरूक करेगी और संकल्प भी दिलवाएगी। सीवन पुत्र प्रदीप चावड़ा ने बताया है कि जब से अभियान की शुरुआत हुई है। लगातार लोग सीवन उद्धार अभियान से जुड़ रहे है साथ ही सीवन पुत्र एवं पुत्री भी बन रहे हैं जिनकी संख्या 4600 तक पहुंच गई है। सीवन पुत्र एवं पुत्री हस्ताक्षर अभियान के लिए सीवन पुत्र मुकेश राय,कैलाश चव्हाण प्रकाश यादव,जगदीश वर्मा,वैभव राठौर, राजकुमार सोनी,कनीराम मालवीय,प्रदीप चावड़ा, लक्ष्मण सिंह चौकसे, विल्सन जैन,सादुल डाबी,निलेश जायसवाल,सुरेश भगत,अशोक नामदेव,शील राय,उमेश चावड़ा,रवि महेश्वरी, देवेश सिसोदिया,दीपक राठौर,योगेश राय आदि ने आह्वान किया है।

जिला भाजपा की बैठक में कार्यक्रमों की रूपरेखा पर हुआ मंथन

## शक्ति केंद्र प्रभारी और बूथ अध्यक्ष संगठनात्मक गतिविधियों को गति दें: मेवाड़ा



**सीहोर, देशबन्धु।** भाजपा की बैठक शुक्रवार को जिला कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक के शुभारंभ पर जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, जिला प्रभारी विकास विरानी सहित मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संगठन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। ये सभी कार्यक्रम 12 वर्ष विश्वास के, विकास के और जनकल्याण के अभियान के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिले में नवीन शक्ति केंद्रों एवं बूथों का गठन कर उनके प्रभारी एवं अध्यक्ष नियुक्त किए जा चुके हैं। सभी शक्ति केंद्र प्रभारी एवं बूथ अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों में संगठनात्मक गतिविधियों को गति प्रदान करें तथा पार्टी की योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी विकास विरानी ने कहा कि संगठन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों की शुरुआत 5 जून से हो चुकी है। अभियान के तहत 12 से 18 जून तक प्रत्येक विकासखंड स्तर पर जनकल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि अधिक से अधिक नागरिकों को इन शिविरों का लाभ दिलाने हेतु सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने बताया कि इसी अवधि में केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इसके अलावा 15 जून से 18 जून तक जिला स्तर पर प्रबुद्धजन सम्मेलन एवं सभागार बैठकों का आयोजन किया जाएगा। वहीं 19 एवं 20 जून को जिले में दो स्थानों पर प्राकृतिक कृषि कार्यशालाएं आयोजित होंगी तथा 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रत्येक मंडल स्तर पर योग अभ्यास शिविर आयोजित किए जाएंगे। बैठक में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, जिला प्रभारी विकास विरानी, तीनों महामंत्री पंकज गुप्ता,जितेंद्र गौड़ एवं तारा कटारिया सहित समस्त जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## बाल कल्याण समिति सदस्य बोली-बच्चों से काम कराने वालों पर होगी कार्रवाई

**रायसेन, देशबन्धु।** जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन्स अलायंस के सहयोग तथा श्रम विभाग के समन्वय के साथ 1 से 30 जून तक विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को नगर के समीप स्थित अभावग्रस्त एवं बाल श्रम संभावित बस्ती रामपुर बम्होरी टोला, ग्राम पंचायत पठारी में जागरूकता गतिविधि आयोजित की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बाल कल्याण समिति सदस्य ममता पटेल रहीं।

कार्यक्रम का आयोजन प्राथमिक विद्यालय में किया गया, जिसमें महिलाओं, बच्चों एवं समुदाय के अनेक सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर ममता पटेल ने कहा कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से श्रम कराना कानूनी अपराध है तथा ऐसे मामलों में नियोक्ताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अभिभावकों को बताया कि सरकार द्वारा 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार सुनिश्चित किया गया है। बच्चों को यूनिफॉर्म, किताबें, साइकिल तथा विद्यालय में पोषण आहार जैसी सुविधाएं नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के हाथों में पढ़ाई की उम्र में किताबें होनी चाहिए, श्रम के औजार नहीं। कार्यक्रम के दौरान एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रेन परियोजना के जिला समन्वयक अनिल भवरे ने चिन्हित बाल श्रमिकों के परिजनों से संवाद किया और बच्चों द्वारा किए जाने वाले कार्यों की जानकारी प्राप्त की। चर्चा के दौरान कुछ परिजनों ने स्वीकार किया कि बच्चे कभी-कभी ईंट भट्टों पर कार्य करने चले जाते हैं। अभियान के अंतर्गत चिन्हित किए गए 12 बच्चों को बाल कल्याण समिति सदस्य ममता पटेल के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बच्चों एवं उनके परिजनों की काउंसलिंग करते हुए आगामी शैक्षणिक सत्र से नियमित रूप से विद्यालय भेजने का संकल्प कराया तथा बाल श्रम नहीं करने की शपथ दिलाई।

## कलेक्टर ने डॉक्टर की कुर्सी संभाल मरीजों का किया उपचार



**झाबुआ, देशबन्धु।** जब डॉक्टर पोस्टमार्टम ड्यूटी पर जिला अस्पताल चले गए और पीएचसी में मरीज-गर्भवती महिलाएं लाइन में खड़ी थीं, तब कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट ने मिसाल पेश की। शुक्रवार को पिटोल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण में उन्होंने सिर्फ जांच नहीं की, खुद स्टेथोस्कोप उठाकर ओपीडी में बैठ गए।

निरीक्षण के समय पता चला कि पीएचसी में पदस्थ डॉक्टर की ड्यूटी जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए लगी है। ओपीडी में मरीज इंतजार कर रहें थे। कलेक्टर ने बिना समय गंवाए मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण शुरू कर दिया। खासकर गर्भवती महिलाओं की बारी-बारी से जांच की। उनसे गर्भावस्था की अवधि, नियमित जांच, खान-पान और टीकाकरण को लेकर बात की। डॉक्टर की तरह समझाइश दी कि जांच समय पर कराना मां और बच्चे दोनों के लिए जरूरी है।

कलेक्टर ने हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान के लिए ऑनलाइन एंट्री भी खुद चेक की। स्वास्थ्य कर्मियों से प्रक्रिया समझी और मौके पर ही महिलाओं का डेटा अपडेट करवाया। साथ ही हर गर्भवती महिला की समय पर जांच, ऑनलाइन पंजीयन और फॉलोअप तय करने के सख्त निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ. भरसठ में दवाओं का स्टॉक, जांच सुविधा और मरीजों को मिल रही सेवाएं भी परखी। उन्होंने कहा कि मरीज को बिना परेशानी तुरंत इलाज मिले, यही अस्पताल का धर्म है। इसके बाद पिटोल में बन रहे नए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का निरीक्षण किया। अधिकारियों को निर्देश दिए कि काम जल्दी पूरा कर सीएचसी शुरू करें, ताकि पिटोल और आसपास के गांव वालों को इलाज के लिए झाबुआ न दौड़ना पड़े।

*कमलापुर पुलिस ने 1 लाख से अधिक 8 मोटर पंप किए बरामद*

## चलते ट्रक की त्रिपाल काटकर मोटर पंप चुराने वाला आरोपी गिरफ्तार



*__देवास, देशबन्धु।__ इंदौर-बैतूल हाईवे पर चलती गाड़ी की त्रिपाल काटकर मोटर पंप चोरी करने की वारदात का थाना कमलापुर पुलिस ने सफल खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गए किर्लोस्कर कंपनी के आठ मोटर पंप बरामद किए। जिनकी कीमत 1 लाख रुपये से अधिक है।*

*पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी सुनील भलावी निवासी जिला छिंदवाड़ा ने 6 जून को थाना कमलापुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह किर्लोस्कर कंपनी, देवास से मोटर पंप लोड कर आईसर वाहन से नागपुर जा रहा था। 4 जून की रात करीब 2:30 बजे इंदौर-बैतूल रोड स्थित ग्राम धनतलाब के पास अज्ञात बदमाशों ने चलती गाड़ी की त्रिपाल काटकर 8 मोटर पंप चोरी कर लिए थे।*

*मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सौम्या जैन तथा एसडीओपी बागली संजय सिंह बैस के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कमलापुर उप निरीक्षक सर्जन सिंह मीणा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज का गहन विश्लेषण किया तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर आरोपियों की तलाश शुरू की। जांच के दौरान प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर 10 जून को ग्राम धानीघाटी थाना हाटपीपल्या निवासी जितेन्द्र झांझा (38) को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर ट्रक कटिंग कर चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गए सभी 8 मोटर पंप बरामद कर लिए हैं। आरोपी को न्यायालय बागली में पेश किया गया, जहां से आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस उसके अन्य साथियों की तलाश में जुटी हुई है।*

*इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक सर्जन सिंह मीणा, सहायक उप निरीक्षक भीम सिंह, प्रधान आरक्षक भगवती प्रसाद खरे, राजेंद्र शर्मा, योगेश यादव तथा आरक्षक अरुण वर्मा, विवेक, महिला आरक्षक वंदना प्रजापति, सैनिक विष्णु प्रसाद सोनी एवं रविंद्र मालवीय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।*

## सार समाचार

### जन कल्याण शिविर: 196 आवेदनों का मौके पर हुआ निराकरण

**सिरोंज, देशबन्धु।** शासन के निर्देशानुसार शुक्रवार को अनुभाग सिरोंज अंतर्गत जन कल्याण शिविर का आयोजन सुहाग गार्डन में किया गया। शिविर में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों से विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों तथा जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया।

शिविर के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 409 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 196 आवेदनों का संबंधित विभागों द्वारा मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष आवेदनों को संबंधित विभागों को भेजकर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिरोंज ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित आवेदनों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित कर संबंधित आवेदकों को समय पर सूचना प्रदान की जाए। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही तथा आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया गया।

### बिजली कटौती के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**सिरोंज, देशबन्धु।** भीषण गर्मी के बीच क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती को लेकर इंडियन वोटर्स क्लब के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व सरपंच जफर खान के नेतृत्व में नागरिकों, किसानों और व्यापारियों ने शुक्रवार को एसडीएम सिरोंज को ज्ञापन सौंपकर नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि पिछले लगभग 25 दिनों से क्षेत्र में प्रतिदिन कई-कई घंटे अघोषित बिजली कटौती की जा रही है, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास होने से पेयजल व्यवस्था प्रभावित हो रही है तथा कूलर-पंखे बंद रहने से बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। ज्ञापन में कहा गया कि बिजली कटौती के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हो रही है, व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हैं तथा किसानों को सिंचाई संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान आजम अली, राशिद, आरिफ, सोमेश साहू, महेश केवट, देवेन्द्र सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

### मूंग फसल में अफलन की शिकायतों की होगी वैज्ञानिक जांच

**सिरोंज, देशबन्धु।** विकासखंड में बीज संघ द्वारा वितरित मूंग बीज से बोई गई फसल में कुछ किसानों द्वारा अफलन की शिकायत किए जाने पर कृषि विभाग ने वैज्ञानिक जांच कराने का निर्णय लिया है। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के उप संचालक के.एस. खपड़िया ने बताया कि बीज संघ द्वारा 90 कृषकों को उन्नत मूंग बीज वितरित किए गए थे। अधिकांश किसानों के खेतों में फसल का विकास एवं फलन संतोषजनक पाया गया है, जबकि कुछ खेतों में अपेक्षित उत्पादन नहीं होने की जानकारी प्राप्त हुई है। कृषि विभाग एवं बीज संघ के संयुक्त प्रयास से कृषि वैज्ञानिकों की टीम प्रभावित किसानों के खेतों का निरीक्षण करेगी। निरीक्षण के दौरान फसल की वृद्धि, फूल एवं फलियों का विकास, मिट्टी की गुणवत्ता, सिंचाई व्यवस्था, पोषक तत्वों की उपलब्धता तथा मौसम के प्रभाव का अध्ययन किया जाएगा। जांच के आधार पर अफलन के वास्तविक कारणों का पता लगाकर किसानों को आवश्यक तकनीकी सलाह एवं समाधान उपलब्ध कराया जाएगा।

सुरक्षा इंतजाम न होने से बढ़ रहा खतरा

# गर्मी में बेतवा के घाट पर तैराकी का आनंद ले रहे बच्चे



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** भीषण गर्मी के बीच बेतवा नदी का रिपटा घाट इन दिनों शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए राहत का सबसे बड़ा केंद्र बन गया है। सुबह होते ही घाट पर बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों की भीड़ उमड़ने लगती है। कोई नदी में स्नान कर गर्मी से राहत पा रहा है तो कोई तैराकी का आनंद लेने पहुंच रहा है। बड़ी संख्या में बच्चे भी नदी में तैरना सीखने के लिए घाट पर आ रहे हैं।

लेकिन राहत की इस तलाश के बीच एक बड़ा खतरा भी लगातार मंडरा रहा है, क्योंकि घाट पर सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। क्षेत्र में तापमान लगातार बढ़ रहा है। दोपहर के समय बाजारों और सडकों पर सन्नाटा छाने लगा है। लोग गर्मी से बचने के लिए घरों में रहने को मजबूर हैं। ऐसे में सुबह और शाम के समय बेतवा नदी के रिपटा घाट पर लोगों की संख्या कई गुना बढ़ गई है। छुट्टी के दिनों में यहां सैकड़ों लोग पहुंच रहे हैं।

सबसे अधिक चिंता का विषय यह है कि नदी में बड़ी संख्या में छोटे बच्चे भी उतर रहे हैं, लेकिन उनकी सुरक्षा के लिए न तो कोई लाइफगार्ड तैनात है और न ही बचाव दल की व्यवस्था है। घाट पर चेतावनी बोर्ड, लाइफ जैकेट और अन्य सुरक्षा संसाधनों का भी अभाव है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि कोई हादसा होता है तो तत्काल बचाव के लिए कोई व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। नागरिकों का कहना है कि हर वर्ष गर्मी के मौसम में नदी घाटों पर लोगों की भीड़ बढ़ती है, लेकिन प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई विशेष कदम नहीं उठाए जाते। लोगों ने मांग की है कि रिपटा घाट पर स्थायी रूप से गोताखोरों और सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की जाए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

गर्मी से राहत की तलाश में बेतवा नदी लोगों के लिए सहारा बनी हुई है, लेकिन सुरक्षा इंतजामों की अनदेखी कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। ऐसे में प्रशासन की जिम्मेदारी और सतर्कता दोनों की परीक्षा हो रही है।

# डकैती कांड में बड़ी सफलता, 5 हजार का इनामी फरार आरोपी गिरफ्तार



▶ घटना के बाद से चल रहा था फरार

**विदिशा, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस को अरिहंत ज्वैलर्स में हुई डकैती की घटना के एक फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना कोतवाली में दर्ज अपराध के अंतर्गत विवेचना के दौरान डकैती की घटना में शामिल आरोपी करन पारदी पिता राजमल पारदी उम्र 24 वर्ष, निवासी बीलाखेड़ी थाना धरनावदा, हाल मुकाम ग्राम गडला थाना बजरंगगढ़ जिला गुना घटना दिनांक से लगातार फरार चल रहा था।

आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे थे। फरार आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक विदिशा द्वारा 5,000 रुपये का नगद इनाम घोषित किया गया था। मुखबिर सूचना एवं सतत पुलिस प्रयासों के परिणामस्वरूप थाना कोतवाली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है तथा प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई जारी है।

इस कार्रवाई में निरीक्षक आनंद राज, उप निरीक्षक रितेश नगर, प्रधान आरक्षक अरुण चौकसे, आरक्षक नीलेश धाकड़, आरक्षक अनिदेश सेंगर, आशीष एवं आरक्षक राघवेन्द्र सिकरवार की विशेष सराहनीय भूमिका रही।

कांग्रेस ने संगठन में फूंकी नई जान

# दुबे को सौंपी ब्लॉक अध्यक्ष की कमान



गंजबासौदा, देशबन्धु। कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में पार्टी नेतृत्व ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए नितिन दुबे को गंज बासौदा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

उनकी नियुक्ति मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी हरीश चौधरी एवं सह प्रभारी संजय दत्त के निर्देशन में की गई है। वहीं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव तथा पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रियव्रत सिंह की सहमति एवं मार्गदर्शन में यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। कांग्रेस के विभिन्न आंदोलनों, जनसंपर्क अभियानों और संगठनात्मक कार्यक्रमों में नितिन दुबे की सक्रिय भूमिका रही है। क्षेत्र में पार्टी को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को एकजुट रखने में उनके योगदान को देखते हुए नेतृत्व ने उन पर भरोसा जताया है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह नियुक्ति आगामी समय में संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि वे कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा को गांव-गांव तथा वार्ड-वार्ड तक पहुंचाने का काम करेंगे। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना, युवाओं को कांग्रेस से जोडना और जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाना उनकी प्राथमिकता होगी। नियुक्ति के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी जताई और विश्वास व्यक्त किया कि नितिन दुबे के नेतृत्व में बासौदा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जनहित के मुद्दों पर और अधिक प्रभावी ढंग से संघर्ष करती नजर आएगी।

### देवपुर ब्लॉक कांग्रेस की कार्यकारिणी घोषित



**सिरोंज, देशबन्धु।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवपुर की 21 सदस्यीय कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व एवं जिला कांग्रेस कमेटी विदिशा की सहमति से जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी द्वारा कार्यकारिणी का अनुमोदन किया गया। नियुक्तियां ब्लॉक अध्यक्ष अर्जुन सिंह राजपूत द्वारा प्रस्तावित नामों के आधार पर की गई हैं। ब्लॉक अध्यक्ष अर्जुन सिंह राजपूत ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने तथा जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने सभी पदाधिकारियों के सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

### कक्षा प्रबंधन का शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण



**सिरोंज, देशबन्धु।** संस्कार ग्रीन वैली स्कूल में शिक्षकों के व्यावसायिक विकास एवं शिक्षण गुणवत्ता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से क्लासरूम मैनेजमेंट विषय पर टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण सत्र का संचालन एक्सपर्ट एकता सरीन ने किया। उन्हें शिक्षा, करियर कोचिंग और व्यक्तित्व विकास के क्षेत्र में 25 वर्षों से अधिक का अनुभव है। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को प्रभावी कक्षा प्रबंधन की व्यावहारिक तकनीकों से परिचित कराना था, ताकि वे विद्यार्थियों के लिए सकारात्मक, अनुशासित और छात्र-केंद्रित शिक्षण वातावरण तैयार कर सकें। विद्यालय के चेयरमैन ने अपने संदेश में कहा कि शिक्षक किसी भी शैक्षणिक संस्था की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं और ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षण गुणवत्ता को नई दिशा देते हैं। विद्यालय के प्राचार्य मनोज तिवारी ने प्रशिक्षक एकता सरीन का स्वागत करते हुए कहा कि प्रभावी कक्षा प्रबंधन विद्यार्थियों के बेहतर अधिगम और सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों को प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को व्यवहार में उतारने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण के दौरान सुश्री सरीन ने कक्षा की सुव्यवस्थित दिनचर्या, विद्यार्थियों के व्यवहार के सकारात्मक प्रबंधन, उनकी सक्रिय सहभागिता बढ़ाने तथा शिक्षक-विद्यार्थी संबंधों को मजबूत बनाने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की।

डायल-112 की तत्परता से सड़क दुर्घटना में घायलों को मिला समय पर उपचार

# 2 मोटरसाइकिलों की हुई टक्कर, पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल



**सिरोंज, देशबन्धु।** थाना सिरोंज क्षेत्र के भोपाल रोड पर दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने हुई टक्कर में घायल चार लोगों को डायल-112 की तत्परता से समय पर उपचार मिल सका। पुलिस जवानों ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जिससे उन्हें तत्काल चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध हो सकी।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह 9:23 बजे राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को सूचना प्राप्त हुई कि भोपाल रोड पर दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में चार व्यक्ति घायल हो गए हैं तथा पुलिस सहायता की आवश्यकता है।

सूचना मिलते ही थाना सिरोंज क्षेत्र में तैनात डायल-112 एफआरव्ही वाहन को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। डायल-112 स्टाफ प्रधान आरक्षक सचिन सोनी एवं पायलट प्रेमनारायण मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराई। इसके बाद एफआरव्ही वाहन एवं चिकित्सा वाहन की मदद से सभी घायलों को शासकीय अस्पताल सिरोंज पहुंचाकर भर्ती कराया गया। अस्पताल में घायलों का उपचार जारी है। डायल-112 की त्वरित कार्रवाई के चलते घायलों को समय पर चिकित्सकीय सहायता मिल सकी। विदिशा पुलिस द्वारा जिले में आपातकालीन परिस्थितियों में आमजन को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने का कार्य लगातार किया जा रहा है।

# बिस्मिल की शहादत को किया नमन




**गंजबासौदा, देशबन्धु।** शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वावधान में स्वतंत्रता संग्राम के अमर क्रांतिकारियों पंडित रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान एवं ठाकुर रोशन सिंह को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने उनके साहस, त्याग और देशभक्ति को स्मरण करते हुए युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने कहा कि पंडित रामप्रसाद बिस्मिल भारत के महान क्रांतिकारियों में से एक थे, जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका जन्म 11 जून 1897 को उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में हुआ था। उनके साहस और पराक्रम से अंग्रेज शासन भी भयभीत रहता था। उन्होंने कहा कि ठाकुर रोशन सिंह और अशफाक उल्ला खान भी स्वतंत्रता आंदोलन के ऐसे वीर सेनानी थे, जिनका बलिदान देश कभी नहीं भूल सकता। कैलाश नामदेव एवं ओमप्रकाश साहू ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि काकोरी कांड भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक ऐतिहासिक अध्याय है। 9 अगस्त 1925 को काकोरी के पास सरकारी खजाना लूटने की घटना के बाद अंग्रेज सरकार ने क्रांतिकारियों पर मुकदमा चलाया और 19 दिसंबर 1927 को रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान तथा ठाकुर रोशन सिंह को फांसी दे दी गई। कार्यक्रम के अंत में शहर वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार ने उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान भूपेंद्र भार्गव, कैलाश नेमा, फूलचंद कुशवाहा, मोहन सैनी सहित बड़ी संख्या में पाठकगण उपस्थित रहे।

# जनकल्याण शिविर में हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ, समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश



**कुरवाई, देशबन्धु।** जनपद पंचायत कुरवाई द्वारा आजीविका मिशन भवन में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभ वितरित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं हितग्राही उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विधायक हरि सिंह सप्रे जनपद अध्यक्ष कुरवाई ममता महाराज सिंह ने सहभागिता करते हुए शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित नागरिकों की समस्याएं भी सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। शिविर में एडीएम अनिल डामोर,एसडीएम मनीष जैन, जनपद पंचायत सीईओ आयुष अग्रवाल,तहशीलदार नागेश पवार, सीताराम सैनी, पंचमलाल सप्रे, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, विभाग प्रमुख, ग्राम पंचायत सचिव एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया। कार्यक्रम के दौरान शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुंचाने तथा पात्र व्यक्तियों को समय पर लाभ उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। जनकल्याण शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण भी किया गया।

# फर्जी अंकसूची पर एफआईआर के आदेश को अवैध नहीं ठहरा सकते: उच्च न्यायालय

▶ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चयन में प्रस्तुत दस्तावेज सत्यापन में गलत पाये गये, याचिका निरस्त

जबलपुर। मप्र उच्च न्यायालय के जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने अपने एक आदेश में स्पष्ट किया कि दस्तावेज की सत्यता का परीक्षण सक्षम संस्थान द्वारा किया जा चुका है और वह फर्जी पाया गया है। ऐसे में याचिकाकर्ता को सुनवाई का अवसर देने से भी कोई व्यावहारिक परिणाम नहीं होगा। यदि आपराधिक प्रकरण दर्ज होता है तो याचिकाकर्ता कानून के अनुसार अग्रिम जमानत सहित अन्य वैधानिक उपाय अपनाने स्वतंत्र है। उक्त मत के साथ न्यायालय ने दायर याचिका खारिज कर दी।

यह मामला आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भर्ती में कथित फर्जी 12 वीं की अंकसूची प्रस्तुत करने के आरोप से जुड़ा था। न्यायालय ने कहा कि संबंधित संस्थान के सत्यापन में दस्तावेज जारी ही नहीं होना पाया गया है, ऐसे में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश को अवैध नहीं ठहराया जा सकता। दरअसल टीकमगढ़ जिले की ममता यादव ने याचिका दायर कर 26 मई 2026 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें अधिकारियों को उनके खिलाफ सात दिन के भीतर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिये गये थे। याचिकाकर्ता का तर्क था कि बिना सुनवाई का अवसर दिए और बिना विधिवत जांच किए यह कार्रवाई की गई है। सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से बताया गया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए आवेदन के साथ प्रस्तुत 12वीं की अंकसूची का सत्यापन कराया गया था। संबंधित संस्थान महार्षि पतंजलि संस्कृत संस्थानम ने स्पष्ट किया कि संलग्न अंकसूची उसके द्वारा जारी नहीं की गई है। जिसके बाद न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

### पत्रकार को बनाया बंधक, सूचना पर पहुंची पुलिस

**पन्ना, देशबन्धु।** जिला शिक्षा केन्द में सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगने गए पत्रकार प्रकाश श्रीवास्तव ने डीपीसी अजय गुप्ता पर कार्यालय के अंदर बंधक बनाने का आरोप लगाया है। श्री श्रीवास्तव का कहना है कि सूचना पर अन्य पत्रकार हरकत में आए और तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ा रुख अपनाते हुए कार्यालय के ताले खुलवाए।

अस्थायी जमानत अर्जी उच्च न्यायालय ने की खारिज, कहां कोई इमरजेंसी वाली स्थिति नहीं

# मनी लांड्रिंग मामला: आरटीओ आरक्षक सौरभ शर्मा को झटका

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र उच्च न्यायालय के जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने बहुचर्चित आरटीओ भ्रष्टाचार व मनी लान्ड्रिंग मामले के आरोपी पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा की 60 दिन की अस्थायी जमानत अर्जी खारिज कर दी है। शुक्रवार को न्यायालय ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि मेडिकल रिपोर्ट में उनकी पत्नी की स्थिति को लेकर कोई इमरजेंसी नहीं बतायी गई, इतना ही नहीं देखभाल के लिये परिवार के अन्य सदस्य भी उपलब्ध है। जिसके बाद न्यायालय ने दायर अर्जी खारिज कर दी।

दरअसल सौरभ शर्मा ने पत्नी दिव्या की प्रस्तावित सर्जरी और दो नाबालिग बच्चों की देखभाल का हवाला देते हुए 60 दिन की अस्थायी जमानत मांगी गई थी। याचिका में कहा गया है कि पत्नी दिव्या तिवारी को साइनस की सर्जरी कराना है और आपरेशन के दौरान उनकी देखभाल के लिए परिवार कोई अन्य जिम्मेदार सदस्य नहीं है, पति की उपस्थिति आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले जिला अदालत और हाईकोर्ट दोनों उसकी नियमित जमानत अर्जियां निरस्त कर चुके हैं। इतना ही नहीं सर्वोच्च न्यायालय से भी अर्जी वापस लेने पर खारिज की जा चुकी है। वहीं, जांच एजेंसियों का कहना था कि सौरभ शर्मा से जुड़े आर्थिक नेटवर्क में कई रिश्तेदार और सहयोगी शामिल रहे हैं। ऐसे में परिवार की देखभाल के लिए अन्य किसी व्यक्ति के उपलब्ध न होने के दावे गलत है। उक्त मामले में उभयपक्षों के तर्क पूरे होने पर न्यायालय ने अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था। जिसे सुनाते हुए न्यायालय ने मेडिकल रिपोर्ट व प्रतिवादी की ओर से दी गई दलीलों को मद्देनजर रखते हुए आरोपी सौरभ शर्मा की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

### नाबालिगों के हक के दस्तावेज दबे न रह जाएं, अंतिम फैसले से पहले सुनवाई जरूरी: उच्च न्यायालय

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक जैन की एकलपीठ ने एक मामले में स्पष्ट किया है कि न्याय का अर्थ केवल फैसला सुनाना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि हकदार पक्ष को अपना पक्ष साबित करने का पूरा अवसर मिले। जिस पर नाबालिगों के मुआवजा दावे में आवश्यक दस्तावेजों पर विचार किए बिना अंतिम निर्णय नहीं किया जा सकता। किसी मुकदमे में अंतिम निर्णय की जल्दबाजी ऐसी न हो कि वास्तविक हकदारों को अपने दावे के समर्थन में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने का अवसर ही न मिले। विशेषकर तब, जब मामला नाबालिग बच्चों के अधिकारों और मृतक श्रमिक के मुआवजे से जुड़ा हो। इसी व्यापक सिद्धांत को रेखांकित करते हुए हाईकोर्ट ने श्रम न्यायालय को निर्देशित किया है कि अंतिम फैसला सुनाने से पहले आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कराने संबंधी आवेदन पर निर्णय किया जाए।

दरअसल, यह आदेश सिवनी निवासी मृत श्रमिक कुलपत दास के नाबालिग बच्चों की याचिका पर पारित किया। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया था कि उनके पिता की कार्यस्थल से जुड़ी मृत्यु के बाद कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम के तहत मुआवजे का दावा लंबित है। अंतिम बहस पूरी होने के बाद बच्चों को पता चला कि उनके पिता के रोजगार संबंधी कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज रिकार्ड पर नहीं हैं। चूंकि वे नाबालिग हैं और दस्तावेज उनके पास नहीं हैं, इसलिए उन्होंने सीपीसी के आदेश 11 नियम 14 के तहत दस्तावेज तलब करने का आवेदन प्रस्तुत किया था। याचिका में कहा गया था कि आवेदन के साथ शीघ्र सुनवाई का निवेदन भी किया गया, लेकिन श्रम न्यायालय ने उस पर विचार किए बिना प्रकरण को अंतिम निर्णय की ओर बढ़ा दिया। इस पर हाईकोर्ट ने कहा कि जब विवाद मुआवजे के दावे और नाबालिग बच्चों के अधिकारों से जुड़ा है, तब दस्तावेजों की मांग संबंधी आवेदन पर पहले निर्णय किया जाना आवश्यक है। न्यायालय ने श्रम न्यायालय को निर्देश दिया कि अंतिम निर्णय पारित करने से पूर्व उक्त आवेदन का निराकरण किया जाए। साथ ही स्पष्ट किया कि यदि आवेदन खारिज किया जाता है तो याचिकाकर्ताओं को उस आदेश को चुनौती देने के लिए उचित समय भी दिया जाए। इसी निर्देश के साथ याचिका का निराकरण कर दिया गया।

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 5.56 प्रतिशत |
| एलएंडटी | 4.94 प्रतिशत |
| इंडिगो | 4.59 प्रतिशत |
| टाइटन | 4.03 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 3.73 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 2.41 प्रतिशत |
| कोल इंडिया | 0.61 प्रतिशत |
| बजाज ऑटो | 0.50 प्रतिशत |
| हिंडाल्को | 0.26 प्रतिशत |
| डॉ रेड्डी लैब | 0.05 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 1,47,609 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 2,32,591 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 96.41 | 93.35 |
| पौंड स्टर्लिंग | 129.69 | 125.07 |
| यूरो | 112.05 | 107.87 |
| चीन युआन | 14.97 | 13.25 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2862.70 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4293.58 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4986.64 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 7721.60 |
| मसूर काली | 8139.26 |
| उड़द दाल | 10834.72 |
| मूंग दाल | 10150.95 |
| अरहर दाल | 11274.85 |

## रोहित शर्मा बने फिटर के निवेशक व इक्विटी पार्टनर

**नई दिल्ली,** 12 जून (एजेंसियां)। फिटनेस और हेल्थ प्लेटफॉर्म फिटर (एफआईटीटीआर) ने शुक्रवार को घोषणा की कि भारतीय क्रिकेटर रोहित शर्मा अब कंपनी के निवेशक और इक्विटी पार्टनर बन गए हैं। इससे पहले वह कंपनी के पहले ब्रांड एंबेसडर के रूप में जुड़े थे। हालांकि, कंपनी ने निवेश की राशि का खुलासा नहीं किया है। फिटर के अनुसार, यह साझेदारी टिकाऊ स्वास्थ्य आदतों, नियमितता और जागरूक जीवनशैली को बढ़ावा देने के साझा उद्देश्य पर आधारित है।



# वैश्विक संघर्षों का सबसे ज्यादा असर विकासशील देशों पर : सीतारमण

**नई दिल्ली,** 12 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय वित्त एवं कार्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि भू-राजनीतिक संघर्षों का सबसे अधिक दुष्प्रभाव विकासशील देशों और दक्षिण की दुनिया पर पड़ता है और उन्हें ऐसे प्रभावों से बचाने के लिए समन्वित वैश्विक कदमों की जरूरत है।

■ **विकासशील देशों के संरक्षण के लिए संतुलित वैश्विक उपायों की जरूरत**

श्रीमती सीतारमण 'ग्लोबल कन्वर्जेंस फॉर ग्रोथ समिट' की वर्चुअल बैठक को संबोधित कर रही थीं। जी7 की बैठक से पहले मेजबान फ्रांस की अध्यक्षता में गुरुवार शाम हुई इस बैठक में शीर्ष सात बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के अलावा भारत, ब्राजील, चीन, दक्षिण कोरिया, केन्या और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के प्रतिनिधि शामिल हुए। कल हुई इस बैठक में विकासशील देशों को संतुलित वृद्धि के बारे में अपनी राय प्रस्तुत करने का अवसर मिला।




**भारत की अर्थव्यवस्था घरेलू मांग पर आधारित है व वर्तमान वैश्विक भू-राजनीतिक संकटों के बीच भी मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है : निर्मला सीतारमण**

श्रीमती सीतारमण ने कहा कि हाल के घटनाक्रमों ने लचीली, विविधीकृत और भौगोलिक रूप से वितरित आपूर्ति श्रृंखलाओं के महत्व को रेखांकित किया है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से घरेलू मांग पर आधारित है और वर्तमान वैश्विक भू-राजनीतिक संकटों के बीच भी मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है।

वैश्विक अनिश्चितताओं से विशेष रूप से दक्षिणी गोलार्ध के विकासशील और गरीब देशों पर पड़ने वाले असंतुलित प्रभावों के बारे में वित्त मंत्री ने कहा कि आज की परस्पर जुड़ी हुई दुनिया में समृद्धि और चुनौतियां साझा हैं, लेकिन संघर्षों और अनिश्चितताओं के दुष्परिणाम विकासशील देशों और ग्लोबल साउथ पर असमान रूप से अधिक पड़ते हैं।

## विश्व बैंक ने 2026 के लिए वैश्विक आर्थिक वृद्धि का अनुमान घटाया





■ **कोविड-19 के बाद सबसे धीमी रह सकती है गति**

**वॉशिंगटन।** विश्व बैंक ने अपनी नवीनतम वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटाते हुए चेतावनी दी है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का आर्थिक प्रभाव क्षेत्र से कहीं आगे तक फैल रहा है और दुनिया भर के देशों पर अतिरिक्त दबाव डाल रहा है। ग्लोबल इकोनॉमिक प्रॉस्पेक्ट्स ( विश्व की आर्थिक संभावनाएं) शीर्षक रिपोर्ट के ताजा संस्करण में विश्व बैंक ने वर्ष 2026 के लिए वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर 2.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जो एक वर्ष पहले 2.9 प्रतिशत थी। वहीं, वैश्विक मुद्रास्फीति (महंगाई) औसतन 4 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, जो कई अर्थव्यवस्थाओं में जारी मूल्य दबावों को दर्शाती है। यह संशोधित अनुमान ऐसे समय में आया है जब कि ईरान युद्ध से ऊर्जा की लागत बढ़ी है और इसका असर वैश्विक बाजारों में दिखाई दे रहा है।

## खुदरा महंगाई लगातार चौथे महीने बढ़ी, मई में 3.93 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली,** 12 जून (एजेंसियां)। खाने-पीने के सामान, ईंधन और गहनों के दाम बढ़ने से मई में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति की दर यानी खुदरा महंगाई बढ़कर 3.93 प्रतिशत पर पहुंच गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि मई में ग्रामीण इलाकों में खुदरा महंगाई 4.25 प्रतिशत और शहरी इलाकों में 3.53 प्रतिशत दर्ज की गई।

खुदरा महंगाई लगातार चौथे महीने बढ़ी है। इस साल अप्रैल में यह 3.48 प्रतिशत रही थी। खास बात यह रही कि एक साल में सोने से ज्यादा मुद्रास्फीति टमाटर की रही। खाद्य पदार्थों की मुद्रास्फीति दर 4.78 प्रतिशत दर्ज की गयी। मांस की महंगाई दर 9.46 प्रतिशत, मछली और दूसरे समुद्री खाद्य उत्पादों की 7.53 प्रतिशत, तेल एवं वसा उत्पादों की 9.46 प्रतिशत और फलों की आठ प्रतिशत रही। पान एवं अन्य तंबाकू उत्पाद 6.62 प्रतिशत महंगे हुए। ईंधन की महंगाई दर छह प्रतिशत रही, हालांकि बिजली तीन प्रतिशत सस्ती हुई। माल परिवहन सेवा की 7.63 प्रतिशत दर्ज की गई। हवाई सफर 15 प्रतिशत महंगा हुआ जबकि डाक एवं कूरियर सेवाओं की महंगाई दर 7.63 प्रतिशत रही। तीन सबसे ऊंची महंगाई दर वाली वस्तुओं में चांदी के गहनों की कीमत एक साल पहले के मुकाबले 155 प्रतिशत, टमाटर की 48 प्रतिशत और सोना, हीरा तथा प्लेटिनम के गहनों की 41 प्रतिशत बढ़ी। सालाना आधार पर आलू 24 प्रतिशत, मटर 11 प्रतिशत तथा मोटर कार और जीप सात प्रतिशत सस्ती हुई। खुदरा महंगाई तेलंगाना में सबसे ज्यादा 6.71 प्रतिशत, तमिलनाडु में 5.11 प्रतिशत, आंध्र प्रदेश में 4.90 प्रतिशत, कर्नाटक में 4.59 प्रतिशत और ओडिशा में 4.54 प्रतिशत दर्ज की गई।





■ **एक साल में सोने से ज्यादा मुद्रास्फीति टमाटर की रही**

## कृषि व जल प्रबंधन से जुड़ा डीपटेक इकोसिस्टम हो रहा मजबूत

**नई दिल्ली,** 12 जून (एजेंसियां)। आईटी इंडस्ट्री की सर्वोच्च संस्था नैसकॉम (नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विस कंपनीज) ने शुक्रवार को कहा कि भारत का कृषि और जल प्रबंधन क्षेत्र से जुड़ा डीपटेक इकोसिस्टम तेजी से मजबूत हो रहा है, जिसमें स्टार्टअप की बढ़ती संख्या अब पायलट परियोजनाओं से आगे बढ़कर बड़े पैमाने पर व्यावसायिक विस्तार और कारोबार बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

नई दिल्ली में आयोजित 'डीपटेक कॉन्फ्लुएंस 2026' कार्यक्रम में इस रुझान को रेखांकित करते हुए नैसकॉम ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), जैव प्रौद्योगिकी और जलवायु तकनीकों से संचालित नवाचार देश के कृषि और जल क्षेत्रों में चुनौतियों का समाधान करने के लिए स्केलेबल समाधानों की तलाश कर रहे उद्यमों, निवेशकों और नीति निर्माताओं का तेजी से ध्यान आकर्षित कर रहे हैं।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नैसकॉम की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और मुख्य रणनीति अधिकारी संगीता गुप्ता ने कहा कि कृषि और जल प्रबंधन ऐसे दो महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं।

# रेलवे ने चलाई 'एग्जाम स्पेशल' ट्रेनें

**नई दिल्ली,** 12 जून (देशबन्धु)। दिरेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षाओं में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों की भारी भीड़ को देखते हुए उत्तरी रेलवे कई विशेष ट्रेनें चला रहा है। इन ट्रेनों का मुख्य उद्देश्य उन उम्मीदवारों को राहत देना है जिनके परीक्षा केंद्र उनके गृह नगर से दूर हैं। इन अनआरक्षित और स्लीपर श्रेणी की ट्रेनों में परीक्षार्थी आसानी से यात्रा कर सकते हैं।

■ **उम्मीदवारों को राहत देना है इन ट्रेनों का मुख्य उद्देश्य**

### मुख्य रूट्स और ट्रेनों की सूची

1. हजरत निजामुद्दीन - जबलपुर - हजरत निजामुद्दीन परीक्षा विशेषट्रेन नंबर: 04002 / 04001 स्टॉपेज (ठहराव): आगरा कैंट, वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी), बीना, विदिशा, भोपाल, इटारसी, पिपरिया और नरसिंहपुर।

2. आनंद विहार टर्मिनल - प्रयागराज - आनंद विहार टर्मिनल परीक्षा विशेष ट्रेन नंबर: 04004 / 04003 स्टॉपेज (ठहराव): कानपुर सेंट्रल, लखनऊ और रायबरेली।

3. दिल्ली जंक्शन - जम्मूतवी - दिल्ली जंक्शन परीक्षा विशेषट्रेन नंबर: 04005 / 04006स्टॉपेज (ठहराव): पानीपत, अंबाला कैंट, लुधियाना, जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट और सांबा।

4. दिल्ली सराय रोहिल्ला - भगत की कोठी (जोधपुर) परीक्षा विशेषट्रेन नंबर: 04007 / 04008 स्टॉपेज (ठहराव): गुड़गांव, रेवाड़ी, अलवर, बांदीकुई, दौसा, जयपुर गांधीनगर, फुलेरा, कुचामन सिटी, मकराना, डेगाना, मेड़ता रोड और जोधपुर।

अन्य महत्वपूर्ण लोकल रूट्स भीड़भाड़ को नियंत्रित करने के लिए ऋषिकेश, बरेली, अलीगढ़, देहरादून और मुरादाबाद के बीच भी अतिरिक्त कोच और ट्रेनें चलाई जा रही हैं:बरेली - देहरादून - बरेली (04321 / 04322)बरेली - मुरादाबाद - बरेली मेमू (04323) ऋषिकेश - चंदौसी - ऋषिकेश (54463 / 54464)बरेली - अलीगढ़ - बरेली (54351 / 54352)

### परीक्षार्थियों के लिए जरूरी निर्देश

इन ट्रेनों में सफर के लिए उम्मीदवारों को नियमित किराया देना होगा।परीक्षा केंद्र पर समय से पहुंचने के लिए ट्रेन शेड्यूल को एनटीएस या आईआरसीटीसी ऐप पर लाइव चेक जरूर कर लें। अपने साथ एडमिट कार्ड और एक सरकारी मूल पहचान पत्र अनिवार्य रूप से रखें।

## सार संक्षेप

### कच्चे तेल में नरमी से रुपया मजबूत

**मुंबई।** कच्चे तेल में नरमी और विदेशों में बॉन्ड यील्ड घटने से शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में रुपए में अच्छी मजबूती देखी गयी। अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में भारतीय मुद्रा 45 पैसे की बढ़त के साथ 95.40 रुपए प्रति डॉलर पर खुली। खबर लिखे जाते समय यह 57 पैसे की मजबूती में 95.28 रुपये प्रति डॉलर पर थी। पिछले कारोबारी दिवस पर 60 पैसे गिरकर रुपया 95.85 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते की उम्मीद से कच्चे तेल में अंतरराष्ट्रीय बाजार में गिरावट है, शेयर बाजार बढ़त में हैं और बॉन्ड यील्ड घट गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को कहा कि ईरान के साथ शांति वार्ता काफी आगे पहुंच गई है। इसमें इतनी प्रगति पहले कभी नहीं हुई थी और इस सप्ताहांत पर समझौता संभव है। इसके बाद कच्चे तेल का मानक लंदन का ब्रेंट क्रूड वायदा एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ 90 डॉलर प्रति बैरल से नीचे उतर गया। इसका सीधा लाभ रुपए को मिला है।

### होंडा ने भारत में किया प्रीमियम मोटरसाइकिल श्रृंखला का विस्तार

**नई दिल्ली।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने देश में अपनी प्रीमियम मोटरसाइकिल श्रृंखला का विस्तार करते हुए 755सीसी प्लेटफॉर्म पर ई-क्लच तकनीक को शामिल करने की शुक्रवार को घोषणा की। ई-क्लच तकनीक में बिना क्लच लिवर दबाए गियर बदला जा सकता है। कंपनी ने साथ ही सीबी750 हॉर्नेट ई-क्लच और एक्सएल750 ट्रांसैल्प ई-क्लच को भी पेश करने की घोषणा की। इसके अलावा, होंडा गोल्ड विंग को नए रंग विकल्प में उपलब्ध कराया जा रहा है। कंपनी की प्रीमियम मोटरसाइकिल में श्रृंखला में सीबीआर1000आरआर-आर फायरबॉल एसपी भी बनी रहेगी। सीबी750 हॉर्नेट ई-क्लच की गुरुग्राम में एक्स-शोरूम कीमत 10.49 लाख रुपए होगी। यह ग्रैफाइट ब्लैक रंग में उपलब्ध होगी। एक्सएल750 ट्रांसैल्प ई-क्लच की कीमत 13.20 लाख रुपए रखी गई है। यह रोज व्हाइट और पर्ल डीप मड ग्रे रंगों में उपलब्ध होगी।

### टाटा एक जुलाई से बढ़ाएगी कारों व एसयूवी के दाम

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स (टीएमपीवी) ने बढ़ती लागत का हवाला देते हुए 01 जुलाई से कारों और एसयूवी के दाम में 1.5 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने की घोषणा की है। कंपनी ने शुक्रवार को बताया कि पारंपरिक आंतरिक दहन इंजन वाले वाहन और इलेक्ट्रिक वाहन दोनों के दाम अगले महीने से बढ़ाने का फैसला किया गया है। अधिकतम प्रभावी वृद्धि 1.5 प्रतिशत तक होगी। विभिन्न मॉडलों और संस्करणों के अनुसार मूल्य वृद्धि की सीमा अलग-अलग होगी। कंपनी का कहना है कि बढ़ती हुई लागत और लगातार ऊंची मुद्रास्फीति के दबाव को आंशिक रूप से संतुलित करने के लिए यह वृद्धि की जा रही है। उसका कहना है कि वह इन बढ़ी हुई लागतों का एक बड़ा हिस्सा स्वयं वहन कर रही है।


# चौतरफा लिवाली से शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी

**मुंबई,** 12 जून (एजेंसियां)। अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते की उम्मीद में शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में चौतरफा लिवाली देखी गई और प्रमुख सूचकांक दो प्रतिशत की बढ़त में दो सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस बयान के बाद कि ईरान के साथ शांति वार्ता में अब तक की सबसे बड़ी प्रगति हुई है और इस सप्ताहांत पर समझौता संभव है, दुनिया भर में शेयर बाजारों में तेजी रही और कच्चा तेल गिर गया। ईरान ने हालांकि ऐसी किसी ठोस प्रगति से इनकार किया है।

■ **सेंसेक्स 2.30 प्रतिशत की बढ़त में 75,527.95 अंक पर रहा**

■ **निफ्टी 1.99 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,622.90 अंक पर बंद**

श्री ट्रंप के बयान से उत्साहित निवेशकों की लिवाली से बीएसई का सेंसेक्स 876 अंक चढ़कर खुला। दोपहर बाद बाजार में लिवाली और बढ़ी। अंत में यह 1,695.40 अंक (2.30 प्रतिशत) की बढ़त में 75,527.95 अंक पर बंद हुआ। यह 29 मई के बाद का इसका उच्चतम स्तर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 461.30 अंक यानी 1.99 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,622.90 अंक पर बंद हुआ जो 27 मई के बाद का इसका सबसे ऊंचा बंद स्तर है।





वृहत बाजार में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.37 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 2.80 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ।

आईटी को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों के सूचकांक ऊपर रहे। बैंकिंग, वित्त, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रियल्टी, ऑटो और तेल एवं गैस सेक्टरों में निवेशकों ने खूब पैसा लगाया। एनएसई में जिन 3,390 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,739 के शेयर बढ़त में और 564 के गिरावट में रहे। अन्य 87 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 27 के शेयर हरे निशान में बंद हुए। बजाज फाइनेंस का शेयर 5.56 प्रतिशत चढ़ा। एलएंडटी में 4.94 प्रतिशत, इंडिगो में 4.59, टाइटन में 4.03, एचडीएफसी बैंक में 3.73 और इटरनल में 3.63 प्रतिशत की तेजी रही।

एक्सिस बैंक का शेयर 2.92 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व का 2.69, कोटक महिंद्रा बैंक का 2.61, अल्ट्राटेक सीमेंट का 2.53, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 2.39, भारती एयरटेल का 2.27, मारुति सुजुकी का 2.12 और एशियन पेंट्स का 2.06 प्रतिशत मजबूत हुआ। टाटा स्टील में 1.98 फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक में 1.74, भारतीय स्टेट बैंक में 1.62, ट्रेंट में 1.58, अडानी पोर्ट्स में 1.45, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.40, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.32, टीसीएस में 1.23, बीईएल में 1.04 और आईटीसी में 1.01 प्रतिशत की तेजी रही। सन फार्मा और एनटीपीसी में भी तेजी रही। टेक महिंद्रा का शेयर 2.41 फीसदी टूट गया। पावरग्रिड भी लाल निशान में बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर जापान का निक्केई 2.81 प्रतिशत, हांगकांग का हैंग सेंग 1.93 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.12 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ।

## भारत ने ब्रिक्स देशों से छोटे किसानों को सशक्त बनाने व खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने का किया आग्रह



**नई दिल्ली,** 12 जून (एजेंसियां)। भारत ने शुक्रवार को ब्रिक्स देशों से अधिक सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी सदस्य देश मिलकर छोटे किसानों को सशक्त बनाने, खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और दुनिया भर में टिकाऊ कृषि विकास को बढ़ावा देने के लिए काम करें। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ब्रिक्स देशों के सामूहिक प्रयास वैश्विक कृषि को नई दिशा दे सकते हैं और अधिक सुरक्षित, टिकाऊ तथा समावेशी कृषि भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इंदौर में ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों के दो दिवसीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए चौहान ने भारत की कृषि उपलब्धियों, सांस्कृतिक मूल्यों और वैश्विक सहयोग के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय कृषि साझेदारियों को मजबूत करने पर भारत के फोकस को उजागर किया और 'वसुधैव कुटुबकम' की भावना पर जोर दिया, जो पूरी दुनिया को एक परिवार मानती है। मंत्री ने कहा कि यह सम्मेलन दुनिया भर के छोटे और सीमांत किसानों के सामने मौजूद चुनौतियों पर सामूहिक रूप से विचार करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधनों पर बढ़ते दबाव, कृषि लागत में वृद्धि और कृषि बाजारों में अनिश्चितता जैसी चुनौतियां किसानों को प्रभावित कर रही हैं।

■ **वैश्विक कृषि को नई दिशा दे सकते हैं ब्रिक्स देशों के सामूहिक प्रयास**

## भारत में 50 अरब डॉलर तक का फॉरेक्स इनफ्लो आने की उम्मीद : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 12 जून (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ताजा कदमों से भारत के विदेशी मुद्रा भंडार, बैंकिंग प्रणाली में तरलता और भारतीय रुपए को सपोर्ट मिलेगा। साथ ही, इससे वित्त वर्ष 27 में 40-50 अरब डॉलर का फॉरेक्स इनफ्लो देश में आ सकता है। यह जानकारी शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (एमओएफएसएल) की रिपोर्ट के अनुसार, आरबीआई के रियायती स्वैप फ्रेमवर्क के तहत ईसीबी रूट से उधार लेने की लागत में लगभग 200-250 आधार अंकों की कमी से बैंकों को फायदा हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि फंडिंग की कम लागत से क्रेडिट ग्रोथ को बढ़ावा मिलने, लोन की गतिविधियों के मजबूत होने और बैंकिंग सेक्टर में फंडिंग की क्षमता बेहतर होने की उम्मीद है।

यह नई पहल आरबीआई के 2013 में शुरू किए गए एक प्रोग्राम जैसी ही है, जिसके चलते एफसीएनआर (बी) डिपॉजिट में लगभग 27 अरब डॉलर और कुल एनआरआई डिपॉजिट में करीब 34 अरब डॉलर का इनफ्लो हुआ था।




■ **आरबीआई के कदमों से भारत के विदेशी मुद्रा भंडार, बैंकिंग प्रणाली में तरलता व भारतीय रुपए को मिलेगा सपोर्ट**

इसके अलावा, उस प्रोग्राम ने भारत के विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूत करने और करेंसी मार्केट में स्थिरता लाने में मदद की थी।

रिपोर्ट के अनुसार, एफसीएनआर (बी) डिपॉजिट अभी बैंकिंग सिस्टम के कुल डिपॉजिट का सिर्फ 1.2 प्रतिशत है।


# मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल परियोजना में तेजी

**नई दिल्ली,** 12 जून (एजेंसियां)। शुक्रवार को जारी एक आधिकारिक फैक्टशीट के अनुसार मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल (एमएएचएसआर) परियोजना भारत के रेलवे विकास में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतिनिधित्व करती है। यह देश का पहला हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर है जो स्पीड, कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे के वितरण में नए मानक स्थापित कर रहा है।

सिविल निर्माण कार्य, पुल निर्माण और सुरंग निर्माण में हुई महत्वपूर्ण प्रगति परियोजना के पूरा होने की दिशा में निरंतर गति का संकेत देती है। अब तक किए गए निर्माण का पैमाना परियोजना के विभिन्न घटकों में निरंतर प्रगति को दर्शाता है।

साथ ही, एडवांस टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग सिस्टम को अपनाने से हाई-स्पीड रेल विकास में घरेलू क्षमताएं मजबूत हो रही हैं। कॉरिडोर पर पहली हाई-स्पीड रेल सेवा अगस्त 2027 में शुरू होने की उम्मीद है।

एमएएचएसआर परियोजना मुंबई और अहमदाबाद के बीच यात्रा समय को घटाकर दो घंटे से कम कर देगी। वर्तमान में सड़क मार्ग से इसी यात्रा में 8-9 घंटे और हवाई मार्ग से हवाई अड्डे की प्रक्रियाओं सहित लगभग 4-5 घंटे लगते हैं। तेज यात्रा से व्यावसायिक दक्षता में सुधार होगा और यात्रियों का बहुमूल्य समय बचेगा। वर्तमान में, भारतीय रेलवे नेटवर्क में अधिकतम डिजाइन स्पीड लगभग 180 किमी प्रति घंटा है। इसके विपरीत, मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल (एमएएचएसआर) परियोजना की डिजाइन स्पीड 350 किमी प्रति घंटा और परिचालन स्पीड 320 किमी प्रति घंटा है। यह भारत में शुरू की गई सबसे व्यापक रेल अवसंरचना परियोजनाओं में से एक है, और मुंबई और अहमदाबाद को लगभग 1 घंटे 58 मिनट में जोड़ेगी। एमएएचएसआर परियोजना न केवल एक परिवहन पहल है, बल्कि भारत की दीर्घकालिक उच्च गति रेल महत्वाकांक्षाओं के लिए उत्प्रेरक का काम भी करती है।



■ **भारत के रेलवे विकास में महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतिनिधित्व कर रही एमएएचएसआर परियोजना**

हाई स्पीड यात्री परिवहन प्रदान करने के अलावा, यह परियोजना पहली बार एक घरेलू हाई स्पीड रेल इकोसिस्टम भी स्थापित करेगी। इस इकोसिस्टम में वायडक्ट निर्माण, बैलास्टलेस ट्रैक की स्थापना, टनलिंग, ब्रिज लॉन्चिंग और स्टेशन-क्षेत्र नियोजन शामिल हैं। इसमें सिग्नलिंग और बिजली व्यवस्था के साथ-साथ भारतीय इंजीनियरों और तकनीशियनों के लिए विशेष प्रशिक्षण भी शामिल है। इस परियोजना के माध्यम से विकसित ज्ञान, कौशल और क्षमताएं देश भर में भविष्य के हाई-स्पीड रेल कॉरिडोरों को सहयोग प्रदान करेंगी।

इंदौर से ब्रिक्स कृषि सहयोग का नया संकल्प; केंद्रीय कृषि मंत्री ने की शुभारंभ सत्र की अध्यक्षता

# छोटे किसानों को सशक्त बनाने पर फोकस

**भोपाल/इंदौर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश की व्यावसायिक राजधानी और स्वच्छता के प्रतीक इंदौर में ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों के दो दिवसीय सम्मेलन का आज शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अध्यक्षीय उद्बोधन में भारत की कृषि शक्ति, सांस्कृतिक मूल्यों और वैश्विक सहयोग की प्रतिबद्धता को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वसुधैव कुटुंबकम की भावना को आगे बढ़ाते हुए इस मंत्र के साथ दुनिया को एक परिवार मानते हुए शांति, समन्वय और साझेदारी आधारित विकास पर जोर दिया। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर भी उपस्थित थे।

अतिथि देवो भवः की भारतीय परंपरा का उल्लेख करते हुए सभी प्रतिनिधियों का हार्दिक स्वागत किया और कहा कि भारत हमेशा वैश्विक एकता, शांति और सहयोग का पक्षधर रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का दृष्टिकोण युद्ध नहीं शांति, संघर्ष नहीं समन्वय पर आधारित है, जो वैश्विक कृषि साझेदारी के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत बन सकता है।



उन्होंने कहा कि यह संवाद विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों के सामने मौजूद चुनौतियों– जैसे जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव और बाजार की अनिश्चितता का सामूहिक समाधान खोजने के लिए महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि छोटे किसान मजबूत होते हैं, तो दुनिया की खाद्य सुरक्षा स्वतः सुदृढ़ हो जाएगी। केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने भारत की कृषि उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि पिछले एक दशक में कृषि क्षेत्र में लगभग 4.5 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है। देश का कुल खाद्य उत्पादन बढ़कर लगभग 376 मिलियन टन तक पहुंच गया है। गेहूं उत्पादन 118 मिलियन टन के करीब पहुंचा, जबकि बागवानी उत्पादन 378 मिलियन टन से अधिक हो गया है। मछली उत्पादन भी बढ़कर 19 मिलियन टन से अधिक हो चुका है। उन्होंने बताया कि भारत विश्व का सबसे बड़ा खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम संचालित करता है, जिसके माध्यम से बड़ी आबादी को खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है। उन्होंने किसानों के योगदान को सराहते हुए कहा कि यह उपलब्धियां उनके कठिन परिश्रम और सरकार की संवेदनशील नीतियों का परिणाम हैं।

श्री चौहान ने कहा कि भारत में लगभग 43 प्रतिशत कार्यबल कृषि से जुड़ा है और यह क्षेत्र न केवल खाद्य सुरक्षा बल्कि करोड़ों लोगों की आजीविका का आधार है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही योजनाओं– जैसे उन्नत बीज, सिंचाई, तकनीक और किसान सहायता कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए बताया कि इनसे किसानों को व्यापक लाभ मिला है।

उन्होंने छोटे और सीमांत किसानों की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत के लगभग 87 प्रतिशत किसान इस श्रेणी में आते हैं और इन्हें सशक्त बनाना ही समावेशी विकास की कुंजी है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत करोड़ों किसानों को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाया जा रहा है, जबकि किसान क्रेडिट कार्ड और फसल बीमा जैसी योजनाएं किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान कर रही हैं। प्राकृतिक खेती पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग और मिट्टी के स्वास्थ्य को बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने मध्य प्रदेश से शुरू किए गए देशव्यापी खेत बचाओ अभियान का उल्लेख करते हुए बताया कि इसके माध्यम से किसानों तक वैज्ञानिक जानकारी और सेवाएं पहुंचाई जा रही हैं, जिससे प्राकृतिक खेती और जैविक इनपुट्स का उपयोग बढ़ रहा है।

उन्होंने ब्रिक्स देशों से अपील की कि सभी मिलकर छोटे किसानों को सशक्त बनाने, खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और सतत कृषि विकास के लिए सामूहिक प्रयास करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह संवाद अनुभवों के आदान–प्रदान और नीतिगत सहयोग के माध्यम से वैश्विक कृषि को नई दिशा देगा।

खनिज राजस्व, जिला खनिज निधि और स्थानीय निकायों की भूमिका की हुई समीक्षा

# खनिज संपदा से समृद्ध पंचायतों को मिले अधिक भागीदारी, पर्यावरण पुनरुद्धार को मिले प्राथमिकता : पवैया

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया ने खनिज विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में खनिज संपदा से प्रभावित क्षेत्रों के विकास, स्थानीय निकायों की भागीदारी तथा पर्यावरणीय पुनरुद्धार को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि खनिज उत्खनन से प्रभावित पंचायतों को खनिज राजस्व से प्राप्त आय में अधिक प्रभावी हिस्सेदारी सुनिश्चित करने के अवसरों पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए, ताकि स्थानीय समुदायों को विकास का प्रत्यक्ष लाभ मिल सके।



आयोग के अध्यक्ष श्री पवैया ने खनन गतिविधियों से प्रभावित क्षेत्रों में पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि जिला खनिज निधि के संसाधनों का उपयोग पर्यावरण पुनरुद्धार, हरित आवरण विस्तार, जल संरक्षण तथा पारिस्थितिकी सुधार संबंधी कार्यों को अधिकाधिक किया जाए, जिससे विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित किया जा सके।

खनिज विभाग के अधिकारियों ने आयोग को राज्य में खनिज राजस्व की वर्तमान स्थिति, राजस्व प्राप्ति के प्रमुख स्रोतों तथा वसूली की प्रगति से अवगत कराया। अधिकारियों ने बताया कि खनिज क्षेत्र राज्य की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है और इससे प्राप्त राजस्व विकास कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। जिला खनिज प्रतिष्ठान (डीएमएफ) निधि के गठन, संचालन और वितरण व्यवस्था की विस्तृत जानकारी दी गई। आयोग को बताया गया कि खनिज प्रभावित क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं, सामाजिक विकास तथा जनकल्याणकारी गतिविधियों के लिए जिला खनिज निधि का उपयोग किया जा रहा है। बैठक में खनिज राजस्व के न्यायसंगत उपयोग, प्रभावित समुदायों के हितों की सुरक्षा तथा स्थानीय स्वशासन संस्थाओं को सशक्त बनाने के विभिन्न पहलुओं पर विचार–विमर्श किया गया।

बैठक में आयोग के सदस्य के.के. सिंह तथा सदस्य सचिव वीरेन्द्र कुमार भी उपस्थित रहे।

# मप्र में ईएसबी परीक्षाओं में हुई गड़बड़ी की हो जांच



लाखों बेरोजगार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ का लगाया आरोप

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षाओं में सामने आई गड़बड़ियों की सीबीआई या एसआईटी से जांच करने की मांग की है।

दिग्विजय सिंह ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र लिखकर मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षाओं में सामने आई तकनीकी विफलताओं, टेंडर प्रक्रिया में संभावित अनियमितताओं तथा लाखों बेरोजगार युवाओं के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से बेरोजगार युवाओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने उनसे मुलाकात कर भर्ती परीक्षाओं के संचालन में गंभीर खामियों और टेंडर प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं की जानकारी दी है। प्रतिनिधिमंडल के अनुसार वर्ष 2023 और 2024 में परीक्षा संचालन के लिए जारी निविदाओं में तीन कंपनियों को तकनीकी रूप से पात्र घोषित किया गया, लेकिन दोनों बार टेंडर निरस्त कर दिए गए। बाद में नई निविदा में महत्वपूर्ण शर्तों में बदलाव कर टेंडर एक खास कंपनी को प्रदान किया गया, जिससे पूरी प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में ईएसबी द्वारा आयोजित विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में तकनीकी समस्याओं के कारण लाखों अभ्यर्थियों को मानसिक, आर्थिक और समय की भारी क्षति उठानी पड़ी है।

# अधिकार क्षेत्र से बाहर दंडात्मक कार्रवाई पर उच्च न्यायालय की रोक

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने कहा है कि कानून जिन शक्तियों को न्यायालय के लिए सुरक्षित रखता है, उनका प्रयोग प्रशासनिक अधिकारी नहीं कर सकते। जिस पर इस सिद्धांत से जुड़े मामले में कथित अवैध कालोनाइजेशन प्रकरण में पारित कलेक्टर एवं एसडीओ के आदेशों के प्रभाव और क्रियान्वयन पर अगली सुनवाई तक रोक लगाई जाती है। एकलपीठ ने मामले में राज्य शासन सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। यह मामला छिंदवाड़ा निवासी जितेन्द्र चोरे की ओर से दायर किया गया था। जिनकी ओर से अधिवक्ता सौरभ शर्मा व विकास संतू ने पक्ष रखा। जिन्होंने तर्क दिया कि मध्यप्रदेश कालोनी विकास नियम 2021 के तहत अनधिकृत कालोनी के मामलों में निर्माण हटाने तथा डेवलपर व भूमि स्वामी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई का प्राविधान है, जबकि दंड और जुर्माना लगाने का अधिकार सक्षम न्यायालय के पास है। याचिका में मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 339–सी का हवाला देते हुए कहा गया कि अवैध कालोनाइजेशन के अपराध में सजा और अर्थदंड न्यायालय द्वारा ही निर्धारित किए जा सकते हैं। ऐसे में कलेक्टर और एसडीओं द्वारा की गई कार्रवाई अधिकार क्षेत्र से परे है। याचिकाकर्ता ने इसी प्रकार के पूर्व प्रकरण में दी गई अंतरिम राहत का भी उल्लेख किया। जिसके बाद न्यायालय ने अंतरिम राहत प्रदान करते हुए विवादित आदेशों के प्रभाव और संचालन पर रोक लगा दी।

# राज्यसभा चुनावः तीनों प्रत्याक्षियों के निर्विरोध जीतने पर भाजपा ने मनाया विजय उत्सव

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक श्री हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं क्षेत्रीय संगठन महामंत्री श्री अजय जामवाल ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर राज्यसभा के तीनों नवनिर्वाचित सांसदों के विजय उत्सव में शामिल होकर उन्हें शुभकामनाएं दीं व नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद श्री रजनीश अग्रवाल एवं श्री महेश केवट का मुंह मीठा कराकर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस की राज्यसभा प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन के नामांकन में अपराध की जानकारी छिपाना कांग्रेस का पूर्व नियोजित षड्यंत्र है। कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं ने राज्यसभा चुनाव में संभावित हार से बचने और भाजपा को बदनाम करने के लिए नामांकन में जानबूझकर गलती की थी। कांग्रेस के नेता नहीं चाहते थे कि मीनाक्षी नटराजन राज्यसभा में पहुंचें, इसलिए जानबूझकर नामांकन पत्र में अपराध की जानकारी छिपाई गई। कांग्रेस को अपने नेता–कार्यकर्ताओं व जनता पर भी भरोसा नहीं है।



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक श्री हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि राज्यसभा के निर्वाचन में सत्य की जीत हुई है। निर्वाचन अधिकारी ने अपराध की जानकारी छिपाने की जिस गलती के कारण कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन निरस्त किया था, आज सर्वोच्च न्यायालय ने भी उस पर मुहर लगा दी है। कांग्रेस पार्टी भाजपा को बदनाम करने और अपनी हार को छिपाने के लिए गलत आरोप लगा रही है। कांग्रेस का झूठ और राजनीतिक षड्यंत्र राज्यसभा के चुनाव में फिर उजागर हो गया है। भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत व संगठन शक्ति से भाजपा का विजय अभियान जारी है। भाजपा ने मध्यप्रदेश की राज्यसभा की तीनों सीट विजय प्राप्त कर फिर एक बार इतिहास रचा है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, मध्यप्रदेश शासन के मंत्री करण सिंह वर्मा, इंदर सिंह परमार, कृष्णा गौर, मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष व विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स कॉरपोरेशन के अध्यक्ष संजय नगायच, पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नंदिता पाठक, सुरेन्द्र शर्मा, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश मंत्री लोकेन्द्र पाराशर, सुश्री राजो मालवीय, सांसद श्रीमती माया नारोलिया, दर्शन सिंह चौधरी, प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, महापौर मालती राय, पूर्व सांसद आलोक संजर, जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति सहित पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मंत्री कृष्णा गौर ने बोला विपक्ष पर हमला

# कांगेस महिला विरोधी, इसलिए रद्द हुआ मीनाक्षी का पर्चा

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन की मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकार–वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी व उसके नेताओं की महिला विरोधी नीतियों के कारण मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त हुआ। कांग्रेस नेता एक महिला को राज्यसभा नहीं जाने देना चाहते थे, इस कारण कांग्रेस नेताओं ने षड्यंत्रपूर्वक मीनाक्षी नटराजन के नामांकन में सच को छिपाया, ताकि उनका नामांकन निरस्त हो सके उन्होंने कहा कि मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होना कांग्रेस की महिला विरोधी नीतियों का स्पष्ट प्रमाण है। महिला सम्मान की बात करने वाली कांग्रेस अपने गिरेबां में झांके।



कांग्रेस ने अपनी पार्टी की ही एक नहीं दो महिला कार्यकर्ताओं के साथ छल किया है। पहली तेलंगाना की वह महिला है, जिसको कांग्रेस के एक नेता ने प्रताड़ित किया लेकिन तेलंगाना की सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की। तेलंगाना की उसी महिला ने मीनाक्षी नटराजन से शिकायत की थी, लेकिन मीनाक्षी ने भी महिला कार्यकर्ता को प्रताति करने वाले कांग्रेस नेता पर कोई कार्रवाई नहीं की थी। उसी महिला की याचिका पर तेलंगाना की अदालत ने मीनाक्षी को भी आरोपी बनाया है। दूसरी महिला खुद मीनाक्षी नटराजन हैं, जिनका कांग्रेस नेताओं ने षड्यंत्रपूर्वक नामांकन निरस्त करा दिया। कांग्रेस नेता नहीं चाहते थे कि एक महिला राज्यसभा पहुंचे, इसलिए षड्यंत्र कर नटराजन के शपथ–पत्र में जानकारी छिपाई थी। भारतीय जनता पार्टी हमेशा से निर्वाचन की संवैधानिक प्रक्रिया का पालन करती आ रही है। इस अवसर पर पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नंदिता पाठक, प्रदेश मंत्री सुश्री राजो मालवीय, प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती मंजरी जैन, मीडिया पैनलिस्ट श्रीमती गुंजन चौकसे एवं श्रीमती नमिता अग्रवाल उपस्थित रहीं।

### भाजपा आधी आबादी का संबल बनी हुई है

श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कभी भी महिलाओं के सम्मान व अधिकारों की बात नहीं की। देश की आधी आबादी के लिए कांग्रेस पार्टी ने कभी कुछ नहीं किया। भारतीय जनता पार्टी देश की आधी आबादी का संबल बनी हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार महिला सशक्तिकरण का कार्य कर रही है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी मीनाक्षी नटराजन की याचिका खारिज कर दूध का दूध, पानी का पानी कर दिया है। प्रधानमंत्री ने देश की आधी आबादी को देश की संसद और राज्यों की विधानसभाओं में भागीदारी बढ़ाने के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने नारी शक्ति वंदन कानून लाए हैं। कांगेस पार्टी ने महिलाओं की राजनीति में भागीदारी बढ़ने न पाए, इसलिए नारी शक्ति वंदन कानून का विरोध किया और उसे लागू नहीं होने दे रही है। झूठ और दिखावे की राजनीति अधिक समय तक नहीं चलती।

# उपभोक्ता आयोग के 34 कर्मचारियों को स्थायी कर्मी का दर्जा

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार ने कर्मचारी कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील निर्णय लेते हुए राज्य एवं जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोगों में कार्यरत 34 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को स्थायी कर्मी का दर्जा प्रदान करने की अनुमति दे दी है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत के विशेष प्रयासों से लिए गए इस निर्णय से वर्षों से सेवा दे रहे कर्मचारियों को स्थायित्व, सेवा सुरक्षा तथा विभिन्न शासकीय सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि इस निर्णय के तहत राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग एवं जिला आयोगों में कार्यरत 29 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों तथा 5 ऑफिस मोहर्रिर–सह–डिस्पेचर पदों पर कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को स्थायी कर्मी के रूप में मान्यता प्रदान की जाएगी। इस संबंध में विभाग द्वारा औपचारिक आदेश जारी कर दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि सामान्य प्रशासन विभाग के वर्ष 2016 के परिपत्र के अनुसार 16 मई 2007 के बाद नियुक्त दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को स्थायी कर्मी का लाभ देने के लिए शासन की पूर्व अनुमति आवश्यक थी। राज्य सरकार ने इस मामले को विशेष परिस्थितियों वाला प्रकरण मानते हुए वन टाइम रिलेक्सेशन प्रदान किया है, जिससे लंबे समय से सेवाएं दे रहे कर्मचारियों के हितों का संरक्षण सुनिश्चित हो सके। उल्लेखनीय है कि इस प्रस्ताव को 9 जून 2026 को आयोजित मंत्रि–परिषद की बैठक में स्वीकृति प्रदान की गई थी।

# वरिष्ठ जनों और विभूतियों से मिले भाजपा नेता

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के पूरे होने पर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को भोपाल में विभिन्न क्षेत्रों की महान विभूतियों, वरिष्ठजनों, शिक्षाविदों, बुद्धिजीवियों से मुलाकात कर संवाद किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने वरिष्ठ समाजसेवी व तुलसी मानस प्रतिष्ठान के कार्यकारी अध्यक्ष रघुनंदन शर्मा, रिटायर्ड विंग कमांडर विजय प्रसाद, कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, वरिष्ठ समाजसेवी व पूर्व विधायक शैलेन्द्र प्रधान, वरिष्ठ समाजसेवी दीपक शर्मा एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी भावना यादव से उनके निवास पहुंचकर भेंटकर संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी गरीब कल्याण, नारी सम्मान व विकास के पर्याय बन चुके हैं। प्रधानमंत्री भारत को विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने का कार्य कर रहे है। भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त जस्टिस आलोक वर्मा, वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ व अस्पताल संचालक डॉ. आभा जैन, मंडीदीप इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. राजीव अग्रवाल, पांच गुरूद्वारों के अध्यक्ष परमवीर सिंह, वरिष्ठ शिक्षकों एवं साहित्यकार व बाल साहित्य शोध केंद्र के संचालक महेश सक्सेना से मुलाकात कर संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व शक्ति बनकर उभरा है, करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में 12 वर्ष सेवा, सुशासन और आत्मनिर्भर भारत के लिए स्वर्णिम काल हैं। प्रधानमंत्री ने 12 वर्षों में देश की तस्वीर बदलने का कार्य किया है।



# मीनाक्षी नटराजन की हार के लिए कांग्रेस खुद जिम्मेदार



**हैदराबाद, एजेंसी।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के. टी. रामा राव ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि राज्यसभा चुनाव में अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (एआईसीसी) की तेलंगाना प्रभारी मीनाक्षी नटराजन की हार के लिए कांग्रेस पार्टी के भीतर की अंदरूनी साजिशें जिम्मेदार थीं।

रामा राव ने कहा कि उनकी हार के लिए खुद कांग्रेस पार्टी पूरी तरह जिम्मेदार है। उन्होंने मांग की कि कांग्रेस नेतृत्व उन लोगों की पहचान करे जिन्होंने पार्टी के साथ गद्दारी की है। उन्होंने सवाल उठाया कि कांग्रेस इस विवाद में विपक्ष को क्यों घसीटने की कोशिश कर रही है, जबकि इस बात की जांच की जानी चाहिए कि नटराजन के मामले से जुड़े ब्योरे किसने लीक किए। बीआरएस नेता ने मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी पर उनके हाल के बयानों के लेकर भी तीखा हमला बोला और उन पर प्रशासनिक मोर्चे पर नाकाम रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हैदराबाद में मानसून की तैयारियों, कर्मचारियों के कल्याण, सिंगरेनी व आरटीसी रोडवेज श्रमिकों और रियल एस्टेट सेक्टर से जुड़े मुद्दों को हल करने में पूरी तरह नाकाम रही है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस सरकार अपने कई वादों को पूरा करने में नाकाम रही है और सरकार के कामकाज से जनता में असंतोष बढ़ता जा रहा है।

नगरीय निकायों में अभियान जारी

# क्रेडिट कार्ड आवेदन में देश में दूसरे स्थान पर मध्य प्रदेश

- स्ट्रीट वेंडर्स को तीसरी किस्त के ऋण के अतिरिक्त मिलेगी क्रेडिट कार्ड की सुविधा
- पात्रता एवं आवश्यक अभिलेखों के संबंध में दिशा-निर्देश जारी

**भोपाल, देशबन्धु।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत पथ विक्रेताओं (स्ट्रीट वेंडर्स) के आर्थिक सुदृढ़ीकरण एवं वित्तीय समावेशन के लिए प्रदेश में प्रयास निरंतर जारी हैं। योजना के अंतर्गत क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन पत्र संग्रहण में मध्य प्रदेश ने देश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित की है। प्रदेश में अब तक 10 हजार से अधिक क्रेडिट कार्ड आवेदन विभिन्न बैंकों को भेजे जा चुके हैं, जिनमें से बैंकों द्वारा 900 से अधिक आवेदनों का सफलतापूर्वक सत्यापन कर 500 से अधिक क्रेडिट कार्ड जारी किए जा चुके हैं।

योजना अंतर्गत क्रेडिट कार्ड सुविधा का लाभ प्राप्त करने के लिए विभाग द्वारा पात्रता मापदंड निर्धारित किए गए हैं। इसमें वे समस्त शहरी पथ विक्रेता पात्र होंगे, जिन्होंने अपने ऋ्रण की द्वितीय किश्त का सफलतापूर्वक पुनर्भुगतान कर दिया है तथा वे तृतीय किश्त के लिए अर्हता रखते हैं। इसके अतिरिक्त, वे वेंडर्स भी इस सुविधा के पात्र होंगे जिन्होंने पूर्व में ही तृतीय किश्त का ऋण प्राप्त कर लिया है— उनका ऋण खाता वर्तमान में सक्रिय हो अथवा पूर्णतः जमा हो चुका हो। आवेदन की तिथि को आवेदक की आयु 21 से 65 वर्ष के मध्य होना अनिवार्य है। यह क्रेडिट कार्ड सुविधा तृतीय किश्त के ऋण के अतिरिक्त देय होगी, जिससे हितग्राही अपनी पात्रता एवं प्राथमिकता के आधार पर ऋण, क्रेडिट कार्ड अथवा दोनों सुविधाओं का संयुक्त लाभ प्राप्त कर सकेंगे। वित्तीय नियमों के अनुरूप, आवेदक का किसी भी वित्तीय संस्था में कोई निष्पादित परिसंपत्ति खाता नहीं होना चाहिए, यद्यपि एसएमए-0 (SMA-0) श्रेणी के खातों पर बैंकों द्वारा विचार किया जा सकेगा तथा इसके लिए न्यूनतम क्रेडिट ब्यूरो स्कोर की कोई बाध्यता नहीं होगी।

क्रेडिट कार्ड सुविधा का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदकों को सक्षम स्तर पर निर्धारित अभिलेख एवं दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। इसके अंतर्गत हितग्राहियों को अपने आवेदन के साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा सक्रिय बचत बैंक खाते का विवरण संलग्न करना अनिवार्य होगा। पथ विक्रेता होने के प्रामाणिक साक्ष्य के रूप में शहरी स्थानीय निकायों अथवा ब्लॉक कार्यालयों द्वारा निर्गत वेंडिंग सर्टिफिकेट (प्रमाण पत्र), सिफारिश पत्र अथवा विभागीय पहचान पत्र मान्य किया जाएगा। यदि आवेदक का वर्तमान निवास स्थान उसके आधार कार्ड में अंकित पते से भिन्न है, तो उसे वर्तमान पते का वैध साक्ष्य भी प्रस्तुत करना होगा। स्वनिधि महोत्सवों एवं विभिन्न मेलों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर शिविर आयोजित कर पात्र हितग्राहियों के आवेदन पत्र बैंकों को प्रेषित करने तथा क्रेडिट कार्ड वितरण की प्रक्रिया को और अधिक तीव्र करने के निर्देश समस्त नगरीय निकायों को दिए गए हैं जिससे अंतिम छोर के वेंडर्स को त्वरित आर्थिक लाभ मिल सके।

# मुख्यमंत्री ने बाल श्रम से मुक्त समाज बनाने का प्रदेशवासियों से किया आह्वान

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'विश्व बालश्रम निषेध दिवस' पर प्रदेशवासियों से बाल श्रम से मुक्त समाज बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि बच्चों के माथे पर बोझ अच्छा नहीं लगता, बच्चों के हाथों में कलम–किताब ही शोभा देते हैं। खुशहाल बचपन और शिक्षा उनका अधिकार है। हमारी सरकार बच्चों के हितों और शिक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

गाँधी पी.आर. महाविद्यालय
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्ध
UG COURSE
B.A., BCA, BBA
BPES, BSC,
B.Com (Economics/Computer/Hon'S 4 Years)
PG COURSE
M.A: HINDI, ENGLISH, ECONOMICS
POLITICAL SCIENCE, SOCIOLOGY & SOCIAL WORK
M.Com: ACCOUNTS & MANAGEMENT
B.Lib: (Librarian Science)
B.Ed.: BACHELOR OF EDUCATION (ONLINE COUNSELLING)
DIPLOMA COURSE
PG DCA: DIPLOMA IN COMPUTER APPLICATION
D.EL.ED: DIPLOMA IN ELEMENTARY EDUCATION
Mob. 9827208070, 9425346230
9893194695, 9981291288
पता: डी–1, दानिश नगर, होशंगाबाद रोड, आशिमा मॉल के पास, भोपाल
www.gandhiprcollege.com, principal@gandhiprcollege.com



पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन–1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755–4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन–प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।